https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 I अंक: 197 | जयपुर, शुक्रवार, 27 जून, 2025 I आषाढ़, शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 I मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### सीएस पंत 29 से विदेश दौरे पर, अभय कुमार को चार्ज



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत 29 जून से 7 जुलाई तक 10 दिवसीय विदेश दौरे पर रहेंगे। वे मैनचेस्टर (इंग्लैंड) में आयोजित इंटरनेशनल को-ऑपरेटिव अलायंस की जनरल असेंबली में भाग लेंगे। यह सम्मेलन सहकारिता क्षेत्र की वैश्विक नीतियों पर केंद्रित है। यह दौरा प्रशासनिक और वैश्विक सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंत के विदेश प्रवास के दौरान उनके पद का अतिरिक्त प्रभार एसीएस अभय कुमार को सौंपा गया है। दौरे से पूर्व पंत शुक्रवार को दिल्ली में यूपीएससी की डीजीपी पैनल संबंधी बैठक में भाग लेंगे।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी!



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, मोदी इस यात्रा के दौरान त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, घाना और नामीबिया भी जाएंगे। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 6-7 जुलाई को होने वाले शिखर सम्मेलन में वे ग्लोबल साउथ के हित, आतंकवाद से निपटने और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर विचार साझा कर सकते हैं। इस दौरे के दौरान उनकी ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा से भी व्यापक द्विपक्षीय बातचीत संभावित है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का एससीओ पर कड़ा रुख... सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी चेतावनी

# पहलगाम हमले की अनदेखी पर संयुक्त बयान पर साइन से इनकार

**एजेंसी** I चिंगदाओ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बड़ा राजनयिक संदेश दिया है। इस कदम के पीछे मुख्य कारण हालिया पहलगाम आतंकी हमले को बयान में नजरअंदाज किया जाना और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्थान न मिलना बताया गया है। सूत्रों के अनुसार, एससीओ आम सहमति की नीति पर काम करता है। इसलिए भारत के इनकार के चलते सम्मेलन बिना किसी संयुक्त बयान के समाप्त हो गया। सम्मेलन में सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के रूप में अपनाते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए एससीओ में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के आयोजकों, वित्तपोषकों और शरणदाताओं को न्याय के कटघरे में लाने पर जोर देते हुए कहा कि अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए आतंकवाद का समर्थन करने वालों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की।



### पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से नहीं मिले राजनाथ

### आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने से नहीं हिचकेगा भारत: सिंह

सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया जो पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया एक सैन्य अभियान है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत आतंकवाद के ठिकानों को अब सुरक्षित नहीं मानता और उन्हें निशाना बनाने में हिचकेगा नहीं। हमले में धार्मिक पहचान के आधार पर लोगों को निशाना बनाया गया। इसकी जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली, जो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा संगठन है। यह हमला भारत में LET के पिछले हमलों जैसा था। सम्मेलन में पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीन के रक्षा मंत्री डोंग जून भी मौजूद थे। राजनाथ सिंह का कड़ा रुख इन दोनों देशों के सामने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की स्पष्ट नीति को दोहराता है।

### उग्रवाद और आतंकवाद सबसे बड़ी चुनौती

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरा मानना है कि सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। इन समस्याओं की असल वजह कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में बढ़ोतरी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए।

28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे

# शुभांशु शुक्ला ने रचा नया इतिहास

- शुभांशु ISS पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय

**बेधड़क** I नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष मिशन में गुरुवार को एक ऐतिहासिक पल दर्ज हुआ, जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अमेरिकी प्राइवेट मिशन 'एक्सिओम-4' के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पहुंचे। अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद दल ने उनका और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में पहुंचने वाले भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बने। मिशन में उनके साथ कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलिश इंजीनियर स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की शामिल है। मिशन के तहत भारतीय समयानुसार गुरुवार शाम 4:01 बजे स्पेसएक्स ड्रैगन यान ने ISS से संपर्क किया। 4:15 बजे डॉकिंग प्रक्रिया पूरी हुई। पहली बार कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री ISS तक निजी मिशन के जरिए पहुंचा।





*नासा द्वारा जारी की गई यह तस्वीर चार अंतरिक्ष यात्रियों के दल को लेकर स्पेसएक्स कैप्सूल को अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरते हुए दिखाती है।*

### शुक्ला ने साझा किया अंतरिक्ष अनुभव

आईएसएस पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला ने वीडियो लिंक के जरिए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रक्षेपण के समय गुरुत्वाकर्षण बल का अनुभव हुआ जैसे किसी ने हमें सीट पर पीछे धकेल दिया हो। यह एक रोमांचक सफर था और फिर अचानक सब कुछ शांत हो गया, हम निर्वात में तैरने लगे। शुक्ला ने बताया कि शुरू में निर्वात का अनुभव थोड़ा असहज था, लेकिन कुछ ही समय में यह एक अविश्वसनीय अहसास में बदल गया। उन्होंने कहा, हमारी बेल्ट खुलते ही हम अंतरिक्ष में तैरने लगे। यह जीवन का सबसे अनोखा अनुभव है।

### भारत के लिए गौरव का क्षण

**यह मिशन भारत की वैश्विक अंतरिक्ष भागीदारी की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे भविष्य में निजी अंतरिक्ष मिशनों में भारतीय भागीदारी को और बल मिलेगा। 1984 में राकेश शर्मा पहले भारतीय थे जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की थी। अब शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस तक की यात्रा कर भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर नई पहचान दिलाई।**

अलकनंदा नदी में बस गिरने से 3 की मौत

# राजस्थान के छह यात्री लापता, तलाश जारी



**बेधड़क** I गोगुन्दा/रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गुरुवार को चारधाम यात्रा के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। केदारनाथ दर्शन के बाद बद्रीनाथ जा रही एक मिनी बस घोलतीर के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। बस में 20 यात्री सवार थे, जिनमें से 7 राजस्थान के उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र के बताए गए हैं।

हादसे में राजस्थान की एक महिला घायल हो गई, जबकि 6 लोग लापता हैं। रात तक मिली जानकारी के अनुसार 3 यात्रियों की मौत हो चुकी है और 8 घायल हैं। शेष 9 लोगों की तलाश जारी है। मृतकों में विशाल सोनी, उनकी पत्नी गौरी (निवासी राजगढ़, मध्यप्रदेश) और ड्रीमी पुत्री ईश्वरलाल (निवासी पदराड़ा सायरा, हाल सूरत) शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही SDRF, NDRF, जल पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। 8 घायलों को खाई से निकाला गया, जिनमें से 4 को हेली एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया जबकि अन्य का इलाज चल रहा है।



### सीएम ने जताई संवेदना

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर कहा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में मिनी बस के नदी में गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में राजस्थान के निवासियों सहित अन्य नागरिकों के हताहत होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। राजस्थान और उत्तराखंड सरकार के अधिकारी निरंतर संपर्क एवं समन्वय बनाए हुए हैं। बाबा बद्रीनाथ जी से दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति, लापता नागरिकों के सकुशल मिलने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक जताया और राहत कार्यों की निगरानी की बात कही। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विधायक प्रतापलाल गमेती और जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने भी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### उधमपुर में एनकाउंटर... जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकी मारा गया। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन के अनुसार, बिहाली क्षेत्र में चार आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सुबह 8:30 बजे सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग की, जिसमें जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। सूत्रों के मुताबिक, इलाके में अभी तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का संयुक्त सर्च ऑपरेशन जारी है। इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

### पांच साल बाद भारतीय जत्था कैलाश मानसरोवर पहुंचा



**एजेंसी** I बीजिंग

करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारतीय तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुरुवार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के तहत तिब्बत स्थित पवित्र स्थल पर पहुंचा। चीन के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने 'एक्स' पर बताया कि तीर्थयात्रियों का यह जत्था तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र की मानसरोवर झील (मपाम युन त्सो) पर पहुंच चुका है। इस बार 36 तीर्थयात्रियों का दल कैलाश यात्रा पर गया है। पूर्वी लद्दाख में सीमा तनाव और कोविड-19 महामारी के चलते वर्ष 2020 के बाद से यह यात्रा स्थगित थी। यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखी जा रही है।

सीएम ने गहलोत पर साधा निशाना

# आपने कुर्सी के लिए क्या-क्या किया, सबको पता है: भजनलाल

**बेधड़क** I जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने गुरुवार को जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में कांग्रेस और गांधी परिवार पर भी जमकर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने गहलोत की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपने कुर्सी के लिए क्या-क्या किया, यह देश की जनता भली-भांति जानती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई। भजनलाल ने कहा कि आजादी के लिए लड़ने वाले और लोकतंत्र बचाने के लिए जेल जाने वालों का बलिदान ऐतिहासिक है, जिसे कोई मिटा नहीं सकता। कुछ लोग इमरजेंसी को सामान्य घटना बताते हैं, लेकिन यह लोकतंत्र का सबसे काला दौर था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर गहलोत साहब के परिवार का कोई सदस्य आपातकाल में जेल गया होता, तो उन्हें इमरजेंसी की पीड़ा का अहसास होता।




### कांग्रेस ने कुर्सी के लिए इमरजेंसी लगाई

भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लालच में देश में इमरजेंसी थोपी थी। वे लोग कहते हैं कि इमरजेंसी को 50 साल हो गए, उसे बार-बार क्यों याद किया जाता है, लेकिन क्या अत्याचारों को भुलाया जा सकता है? जिन्हें यातनाएं झेलनी पड़ीं, वे कैसे भूल सकते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोकतंत्र को समाप्त करने की कोशिश की थी और आज भी उसकी सोच तानाशाही वाली है। भजनलाल ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब गांधी परिवार पर सवाल उठते हैं, तो कांग्रेस संविधान की आड़ लेने लगती है। लेकिन जिस बाबा साहेब अंबेडकर ने संविधान बनाया, उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया गया। उल्टे उन्हें चुनाव हराने का काम कांग्रेस ने ही किया था।

### कांग्रेस ने चुनी हुई सरकारें गिराईं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश में कई बार चुनी हुई सरकारों को गिराया है। प्रधानमंत्री बनने के लिए कांग्रेस ने देश तक का विभाजन करवा दिया। आज जनता सब जानती है और कांग्रेस को हर गलती का जवाब देना होगा।

### लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान अब स्थायी

भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान देने की परंपरा भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार ने शुरू की थी, जिसे कांग्रेस ने अपनी सरकार आते ही बंद कर दिया। अब भाजपा सरकार ने इसे कैबिनेट से पास कराकर स्थायी कर दिया है। अब यह परंपरा कोई नहीं तोड़ सकता। यह हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लोकतंत्र की रक्षा और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे काम से कांग्रेस की जमीन खिसक रही है, लेकिन उन्हें इसका अंदाजा तक नहीं। राजस्थान की जनता अब जागरूक है।

## जरूरी खबर

### उद्योगों को सुचारु विद्युत आपूर्ति जरूरी: डोगरा



**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन व जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि उद्यमियों की विद्युत समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान किया जाए और कनेक्शन व लोड एक्सटेंशन जैसी पत्रावलियों में अनावश्यक देरी न हो। भिवाड़ी सर्कल के निरीक्षण के दौरान गुरुवार को उन्होंने फीडरों की ट्रिपिंग की समीक्षा की और खुशखेड़ा व कारोली औद्योगिक एसोसिएशनों से संवाद कर समस्याएं जानीं। डोगरा ने निर्देश दिए कि औद्योगिक एसोसिएशनों से नियमित संवाद बनाए रखें और तकनीकी सुधारों को प्राथमिकता दें।

### अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पदस्थापन प्रक्रिया शुरू

**जयपुर।** प्रदेश में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालयों का संचालन सत्र 2025-26 में भी जारी रहेगा। शिक्षकों की नियुक्ति विशेष चयन परीक्षा के माध्यम से की जा रही है। चयनित कार्मिकों को 29 जून, 2025 तक शाला दर्पण पोर्टल पर जिला और विद्यालय विकल्प भरने होंगे। आवंटन मेरिट और रिक्तियों के आधार पर किया जाएगा। सभी रिक्त पदों के विकल्प नहीं भरने की स्थिति में रेंडम आवंटन किया जाएगा। अंतिम रूप से विकल्प नहीं भरने वाले कार्मिकों को आगामी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। यह नियुक्ति प्रक्रिया शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देशन में संचालित हो रही है।

### जेडीए: अब एक ही बैंक से मिलेगा प्रॉपर्टी पर लोन



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने गुरुवार को विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नई ऑनलाइन लोन प्रक्रिया पर चर्चा की। जेडीए ने एक ऐसी डिजिटल प्रणाली तैयार की है, जिससे अब कोई भी पट्टाधारक अपनी संपत्ति पर एक से अधिक बैंकों से लोन नहीं ले सकेगा। इसका उद्देश्य प्रॉपर्टी लोन में हो रही धोखाधड़ी और अनियमितताओं पर रोक लगाना है। बैठक में जेडीए की नई ऑनलाइन सेवाओं जैसे ई-पट्टा, कब्जा पत्र और ई-नीलामी पत्र की जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने इस सिस्टम की सराहना की और इसे और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दिए। जेडीसी आनंदी ने भरोसा दिलाया कि बैंकों के सुझावों को सिस्टम में शामिल किया जाएगा।

## जयपुर में शाम को बरसे बदरा... कहीं पेड़ गिरे तो कहीं सड़कों पर भरा पानी

# प्रदेश में बरसात का कहर... पांच लोगों की मौत, तीन घायल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में इस बार मानसून समय से पहले सक्रिय हो गया था। औसत बारिश का कोटा पूरा होने के बाद प्रदेश में कई जगह अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना भी जताई है। एक ओर झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो वहीं, दूसरी ओर बिजली गिरने और अन्य हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में 4 से 10 जुलाई तक सामान्य से अधिक बारिश होगी। वहीं, इस सप्ताह के दौरान पूर्वी राजस्थान में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री कम रहने की संभावना है। जयपुर में गुरुवार शाम हुई बरसात के दौरान कई जगह सड़कों पर पानी भर गया और तेज हवा से पेड़ टूट गए।







फोटो: पंकज शर्मा

### सड़क में धंसा सीवर जेटिंग मशीन का पहिया

जयपुर के लालकोठी इलाके में नगर निगम कार्यालय के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान वहां से गुजर रही नगर निगम की सीवर जेटिंग मशीन का पहिया उसमें फंस गया। हालांकि इसमें कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।



### इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने आगामी 24 से 48 घंटों में कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में ऑरेंज अलर्ट, जबकि अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, जयपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक और उदयपुर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### झालावाड़ में बिजली गिरने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत

झालावाड़ जिले में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी शामिल है। इसके अलावा एक महिला झुलस गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अकलेरा क्षेत्र के पोलाव गांव में प्रेमचंद मीणा और कोटड़ी गांव में कैलाश तंवर की मौत हुई। भवानी मंडी थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव में संतोष बाई (35) पत्नी बाबूलाल की मौत हो गई। असनावर थाना क्षेत्र के गांव बाड़ीया रातादेवी में कजोड़ीलाल पुत्र भैंरूलाल भील की मृत्यु हुई। उनकी बहू ममता बाई झुलस गई, जिन्हें असनावर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, बूंदी जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सीकर, जैसलमेर, नागौर, राजसमंद, और दौसा में बारिश हुई। वहीं, भीलवाड़ा में दोपहर में तेज बारिश हुई। राजधानी जयपुर में भी शाम को बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार डूंगरपुर, प्रतापगढ़, कोटा, टोंक, बूंदी, उदयपुर, भीलवाड़ा और अजमेर जिलों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई है।

### जून में बारिश ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

प्रदेश में 1 से 26 जून तक रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई, जो औसत से 144 प्रतिशत अधिक दर्ज की गई है। राजस्थान में अब तक करीब 98.7 एमएम बारिश हुई है, जबकि पिछले वर्षों में करीब 40.4 एमएम बारिश जून में होती थी। पूर्वी राजस्थान में सामान्य से 210 प्रतिशत ज्यादा 163.5 एमएम बारिश हुई, जबकि पूर्वी राजस्थान में जून के महीने में करीब 52.8 एमएम बारिश होती थी। पश्चिमी राजस्थान में अब तक 54 प्रतिशत ज्यादा 47 एमएम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी राजस्थान में पिछले सालों में अब तक करीब 30.6 एमएम बारिश होती थी।

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत का भाजपा पर हमला, बोले...

# भाजपा ने राजस्थान व अन्य राज्यों में सरकारें गिराने को हॉर्स ट्रेडिंग की

- मेरे पास इसके सबूत हैं, 25 से 50 करोड़ रुपए तक बांटे गए: गहलोत
- साजिश में अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत थे शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजस्थान समेत अन्य राज्यों में सरकारें गिराने के लिए हॉर्स ट्रेडिंग और साजिश रची, जिसमें उन्होंने प्रमुख भाजपा नेताओं के नाम भी लिए। गहलोत ने कहा कि इस साजिश में अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल थे। उन्होंने जोधपुर में विद्यालय भवन के उद्घाटन विवाद और मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर की अनुमति रद्द करने को भी संविधान विरोधी और भेदभावपूर्ण नीति करार दिया।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में सरकारें गिराने के लिए करोड़ों रुपए की हॉर्स ट्रेडिंग की, लेकिन राजस्थान में उनकी साजिश नाकाम रही। गहलोत ने कहा कि ये लोग रुपए बांटकर हमारी पार्टी में बगावत करवाना चाहते थे। मेरे पास इसके सबूत हैं। 25 से 50 करोड़ रुपए तक बांटे गए। क्या यह संविधान सम्मत है? उन्होंने संविधान दिवस पर भाजपा की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति है, जहां पत्रकारों, लेखकों और साहित्यकारों को जेल में डाला जा रहा है।

### इमरजेंसी की गलती स्वीकारी, लेकिन BJP सच्चाई छिपा रही

गहलोत ने 1975 की इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपनी गलती स्वीकार की थी और इंदिरा गांधी सहित पार्टी को उसकी सजा भी मिली। उन्होंने कहा कि दो साल में इंदिराजी की आंधी चली और हम भारी बहुमत से जीते। इमरजेंसी में अनुशासन, मिलावटखोरी पर रोक और संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम की तारीफ भी हुई। उन्होंने भाजपा पर इलाहाबाद कुंभ में मृतकों के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया और कहा कि यूपी की भाजपा सरकार ने 35 मौतें बताईं, जबकि बीबीसी ने 85 मौतों के प्रमाण प्रस्तुत किए।



### जनता दुखी, अफसर नहीं सुनते

उन्होंने कहा कि जनता परेशान है और मुख्यमंत्री अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारी विधायकों से कहते हैं कि मेरा ट्रांसफर करवा दो। पहले अधिकारियों में भय था, अब जयपुर में मंत्रियों तक के दरवाजे बंद हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के विधायक और पदाधिकारी भी अपनी सुनवाई न होने से नाराज हैं।

### भवन के उद्घाटन पर विवाद

जोधपुर में अपने विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय भवन के उद्घाटन विवाद पर गहलोत ने कहा कि यह सिर्फ एक गलतफहमी थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने उद्घाटन के लिए बुलाया था। जब पता चला कि भवन एमएलए फंड से नहीं बना है तो उन्होंने विनम्रता से कार्यक्रम रद्द कर दिया। गहलोत ने कहा कि मुझे उद्घाटन की जरूरत नहीं है। मैं बिना शोर-शराबे के वहां जाऊंगा। सरकार नहीं चाहती कि मैं उद्घाटन करूं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं।

### मारवाड़ सेंटर पर भेदभाव

मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर की अनुमति रद्द करने पर गहलोत ने कहा कि उन्होंने यह सेंटर बनवाया, लेकिन अब उन्हें वहां जाने से रोका जा रहा है। भाजपा और एबीवीपी को अनुमति दी जा रही है, लेकिन कांग्रेस को मना किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया और राहुल गांधी की संविधान बचाओ मुहिम से जोड़ते हुए कहा कि यह भेदभाव पूरे प्रदेश में हो रहा है।

## जल जीवन मिशन घोटाला

# हाई कोर्ट ने महेश जोशी की जमानत याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान हाई कोर्ट ने जल जीवन मिशन घोटाले में आरोपी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने स्वयं को सुनवाई से अलग करते हुए मामले को दूसरी एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। अब याचिका पर जुलाई के प्रथम सप्ताह में सुनवाई होगी। जोशी की ओर से अधिवक्ता स्नेहदीप ने तर्क दिया कि उन्हें मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। एसीबी की मूल एफआईआर में उनका नाम नहीं है और ईडी के पास उनके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है।

### जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य आए सामने

वहीं दूसरी ओर, ईडी ने जलदाय विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। जल जीवन मिशन घोटाले की जांच के तहत पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के अंतर्गत ईडी की ओर से कोर्ट में पेश की गई 315 पृष्ठों की चार्जशीट में विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें उजागर हुई हैं। चार्जशीट के अनुसार जलदाय विभाग में बिना रिश्वत के कोई भी कार्य नहीं होता था। टेंडर प्रक्रिया से लेकर तबादलों और एपीओ करने तक हर स्तर पर पैसों का खेल चलता था।

### ठेके के एवज में करोड़ों रुपए वसूले

चार्जशीट में बताया गया है कि ठेकेदारों से प्रति टेंडर 2 से 3 फीसदी की रिश्वत ली जाती थी। श्री श्याम ट्यूबवेल कम्पनी और श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी को जारी दो टेंडरों के बदले कुल 5.40 करोड़ रुपए की रिश्वत दी गई। इसमें तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि यह राशि नकद में संजय बड़ाया के माध्यम से जोशी तक पहुंचाई गई। बड़ाया को इस नेटवर्क में वसूली की मुख्य कड़ी बताया गया है, जो खुद को मंत्री का करीबी बताकर अवैध वसूली करता था।

# जो हिटलर ने किया, वही आपातकाल में कांग्रेस ने किया

**बेधड़क** | जयपुर

आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी, शहर जिला उदयपुर की ओर से 'आपातकाल संविधान हत्या दिवस' एवं 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान' कार्यक्रम गुरुवार को सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद और प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने आपातकाल को परिभाषित करते हुए कहा कि देश को दूसरी आजादी आपातकाल हटने के बाद मिली। गुलामी केवल विदेशी आक्रांताओं से नहीं होती, जब व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन होता है, तब भी वह गुलामी कहलाती है। अग्रवाल ने कहा कि यही कार्य तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया। जब हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से उनका चुनाव रद्द हुआ, तब उन्होंने आपातकाल लगाकर देश को गुलाम बना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया। 1939 में हिटलर ने जो किया था, वही कांग्रेस ने 1975 में किया। देश को आजाद कराने में एक लाख महिलाओं का योगदान रहा, जिनका आज तक कोई नाम नहीं लिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जब जम्मू-कश्मीर के राजा हरिसिंह बिना शर्त भारत में विलय के लिए तैयार थे, तब जवाहरलाल नेहरू ने अपने पारिवारिक हितों को देखते हुए सशर्त विलय किया। इसके तहत तय हुआ कि कश्मीर का मुख्यमंत्री 'प्रधानमंत्री' कहलाएगा, वहां का झंडा अलग होगा और भारतीय कानून वहां लागू नहीं होंगे।




### भजनलाल को हटाने का कोई षड्यंत्र नहीं

प्रदेश प्रभारी अग्रवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाने का कोई षड्यंत्र नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केंद्र और राज्य में बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश में सुशासन की स्थापना की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि यह निराधार आरोप हैं। हमारी सरकार और संगठन के बीच समन्वय सशक्त और स्थायी है।

### दो स्थानों पर अवैध निर्माण किए सील

**जयपुर।** जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया। जेडीए आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि पहली कार्रवाई निवारू रोड स्थित महादेव नगर के प्लॉट नंबर 83 और 84 पर की गई, जहां आवासीय जमीन पर व्यावसायिक उपयोग के लिए अवैध निर्माण किया गया था। दूसरी कार्रवाई महावीर नगर के प्लॉट एस-74 पर की गई, जहां निर्माणकर्ता ने सेटबैक क्षेत्र को कवर कर अवैध निर्माण किया था, जिसे सील कर दिया।

## बेधड़क TOON




-शेखर

## कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल के एक्शन के बाद कार्रवाई

# 13 खाद कंपनियों के लाइसेंस 14 दिन के लिए निलंबित

- दो सप्ताह में जवाब नहीं आया तो लाइसेंस होगा स्थायी रूप से सस्पेंड

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने अमानक कृषि आदानों के खिलाफ एक बार फिर बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की ओर से अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और जयपुर में उर्वरक, बीज व कीटनाशक इकाइयों पर की गई जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके चलते कृषि आयुक्तालय, जयपुर ने अजमेर जिले की 13 उर्वरक विनिर्माण कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए उनके उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्रों को 14 दिन के लिए निलंबित कर दिया है। संयुक्त निदेशक कृषि (आदान) एवं अधिसूचित प्राधिकारी नवल किशोर मीणा के जारी आदेशों में उल्लंघन के स्पष्ट प्रमाण सामने आने और निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण नहीं देने या असंतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। साथ ही फर्मों को चेतावनी दी गई है कि अगर दो सप्ताह में उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो उनका लाइसेंस स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया जाएगा।



### इन कंपनियों पर की गई कार्रवाई

मैसर्स ट्रॉपिकल एग्रो सिस्टम इंडिया, किशनगढ़, एक्वा एग्री प्रोसेसिंग, किशनगढ़, ग्रीन एग्रो इंडस्ट्रीज, बांदर सिंदरी,शंभू बायो फर्टिलाइजर, अराई, श्रीनाथ एग्रो इंडस्ट्रीज, किशनगढ़, श्री गोवर्धन एग्रो, उदयपुर कलां, मैसर्स श्री एग्रो, इंदौली, अराई, राधिका एग्रो इंडस्ट्रीज, किशनगढ़, राघव एग्रो इंडस्ट्रीज, टीकवाड़ा, भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज, नसीराबाद रोड, दिव्या एग्रोफर्ट इंडस्ट्रीज, किशनगढ़, अतिशय बायोटेक इंडस्ट्रीज, तिलोनिया रोड, मंगलदीप बायो फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, टीकवाड़ा

### रिटायर्ड कृषि अधिकारी ने पत्र लिख किया विभागीय भ्रष्टाचार का खुलासा!

राजस्थान के कृषि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए, कृषि (विस्तार) विभाग के सेवानिवृत्त उप निदेशक जयनारायण बेनीवाल ने राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने विभाग में वर्षों से जमे अधिकारियों पर किसानों के साथ धोखाधड़ी और निजी स्वार्थ में लिप्त रहने का आरोप लगाया है। बेनीवाल ने पत्र में लिखा है कि कुछ अधिकारी विभाग को अपनी निजी संपत्ति समझ बैठे हैं। ये अधिकारी नकली और घटिया कृषि आदानों (बीज, उर्वरक आदि) के विक्रेताओं से मिलीभगत कर किसानों को गुणवत्ताहीन सामग्री बेचने दे रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ये अधिकारी किसानों की कोई सुनवाई नहीं करते और पूरी तरह वसूली में लगे हुए हैं। पत्र में यह चौंकाने वाला खुलासा भी किया गया कि एक अधिकारी ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि यदि वह प्रतिदिन 10-20 हजार रुपए घर नहीं लेकर जाता तो उसे नींद नहीं आती है।

## राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करना शुरू

# घनश्याम तिवाड़ी की भारत वाहिनी सहित 9 दल चिन्हित

**बेधड़क** | जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में 345 पंजीकृत, लेकिन अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट (पंजीकरण रद्द) करने की प्रक्रिया शुरू की है। ये दल 2019 से कोई चुनाव नहीं लड़े हैं और इनके कार्यालयों का भौतिक सत्यापन नहीं हो सका।

राजस्थान से 9 दलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें राजस्थान जनता पार्टी, राष्ट्रीय जन सागर पार्टी, खुशहाल किसान पार्टी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी की भारत वाहिनी पार्टी, भारतीय जन हितकारी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, नेशनलिस्ट पीपल्स फ्रंट, स्वच्छ भारत पार्टी और महाराणा क्रांति पार्टी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने 2800 से अधिक दलों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया था, जिसमें से 345 दल शर्तें पूरी नहीं कर सके। भारत निर्वाचन आयोग ने अनुचित डीलिस्टिंग से बचने के लिए, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने के निर्देश भी दिए गए हैं।


हर रविवार और एकादशी पर खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी की तर्ज पर होंगे गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन

# भक्त अब ठहर कर नहीं कर सकेंगे गोविंद के दर्शन... नई व्यवस्था लागू

बेधड़क | जयपुर

जयपुर स्थित गोविंद देवजी मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब हर रविवार, एकादशी और प्रमुख त्योहारों पर श्रद्धालुओं को खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी मंदिर की तर्ज पर चलते-चलते दर्शन करने होंगे। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस की तैनाती होगी। मंदिर में बैठने या रुकने की अनुमति नहीं होगी और फोटोग्राफी व वीडियो रिकॉर्डिंग पर भी सख्त रोक रहेगी। चप्पलधारी और नंगे पांव आने वाले भक्तों के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित किए गए हैं। गोविंद देवजी मंदिर में एकादशी

## ■ मंदिर में बैठने और रुकने की भी मनाही फोटोग्राफी और वीडियो पर रोक




और रविवार को दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या जब दो लाख के पार जाने लगी तो मंदिर प्रशासन के सामने सबसे



बड़ी चुनौती आ गई कि कैसे इस भीड़ को संभाला जाए। बिना किसी अव्यवस्था या सुरक्षा खतरे के इसी चुनौती का समाधान के लिए अब चलते-चलते दर्शन व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय से तैयार इस नई व्यवस्था को गुरुवार को पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने सुगम दर्शन व्यवस्था के रूप में लॉन्च किया।



### प्रवेश-निकास के अलग-अलग जगह निर्धारित

मंदिर में अब श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित किए जा रहे हैं। नंगे पांव आने वाले श्रद्धालु मंदिर छावन से प्रवेश कर परिक्रमा करते हुए मुख्य निकास से बाहर निकलेंगे। वहीं, चप्पल-जूते पहने हुए दर्शनार्थी रैंप मार्ग से दर्शन करेंगे और उसी से लौटेंगे। इस विभाजन से श्रद्धालुओं की भीड़ को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा।

### सुरक्षा के लिए तैनात होंगे पुलिसकर्मी

गोविंद देवजी मंदिर में भीड़ को ध्यान में रखते हुए अब दर्शन मार्ग में कहीं भी बैठने, रुकने, फोटो या वीडियो लेने की इजाजत नहीं होगी। मंदिर में 50 से 60 स्वयंसेवक, 20 सिक्योरिटी गार्ड और करीब 25 पुलिसकर्मी व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए तैनात रहेंगे।

### स्थायी बैरिकेडिंग की योजना

अभी तक अस्थायी बैरिकेडिंग से काम चलाया जाता था, लेकिन अब मंदिर प्रशासन पक्की और छायादार बैरिकेडिंग बनवाने जा रहा है। इसके साथ पंखे, ध्वनि विस्तारक यंत्र और एलईडी स्क्रीन लगाने की भी योजना है ताकि भक्तों को कतार में रहते हुए भी दर्शन व जानकारी सहज रूप से मिलती रहे। उधर, श्रद्धालुओं का कहना है कि जब मंदिर बना था, तब जयपुर की आबादी कम थी और दर्शनार्थियों की संख्या भी सीमित थी। अब स्थिति बदल चुकी है। नियमित दिनों में जहां 25 हजार लोग आते हैं वहीं, रविवार और एकादशी पर यह संख्या लाखों में पहुंचती है। ऐसे में चलते-चलते दर्शन जैसी व्यवस्था अब आवश्यक ही नहीं, बल्कि समय की मांग बन चुकी है।

---

## जरूरी खबर

### न्यू सांगानेर रोड पर BRTS कॉरिडोर हटाने का काम शुरू



**जयपुर।** राजधानी जयपुर में न्यू सांगानेर रोड पर बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने का काम जेडीए ने गुरुवार से शुरू कर दिया है। करीब 7 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर को हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जेडीए ने ट्रैफिक सुगमता और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। इससे पहले जेडीए ने सीकर रोड पर 7.1 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने का काम शुरू कर दिया था। हालांकि अजमेर रोड पर 9 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर को हटाने का काम अभी शुरू नहीं हुआ है, लेकिन इसके लिए जेडीए ने कार्यादेश जारी कर दिया है। कॉरिडोर हटाने का निर्णय जेडीए ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में लिया गया था। इस कॉरिडोर को 2006 में बनाया गया था।

### रामगढ़: मॉनिटरिंग कमेटी ने अतिक्रमण पर जताई चिंता



**जयपुर।** जयपुर जिले के रामगढ़ बांध के कैचमेंट क्षेत्र में फैले अतिक्रमणों को लेकर हाई कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी ने गंभीर चिंता जताई है। एडवोकेट वीरेंद्र डांगी के नेतृत्व में कमेटी ने गुरुवार को बांध क्षेत्र का दौरा किया। नदी क्षेत्र में अवैध कब्जे देख कमेटी नाराज हुई। कमेटी ने पाया कि पुराने अतिक्रमण तो हटे नहीं, ऊपर से नए फार्म हाउस और रिसॉर्ट्स की तैयारी जारी है। चार स्थानों पर प्राकृतिक नालों का मार्ग बंद कर दिया गया है, जिससे पानी का बहाव बाधित हुआ है। नालों को रिसॉर्ट बचाने के लिए मोड़ा गया, जिससे कैचमेंट में पानी पहुंचना मुश्किल हो गया है।

---

PCPNDT टीम ने जयपुर में पकड़ा तस्कर

# चीनी पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

बेधड़क | जयपुर

'डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है' का दंभ भरने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का राजस्थान की पीसीपीएनडीटी टीम ने पर्दाफाश किया है। यह गिरोह चीन निर्मित पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीनों की अवैध तस्करी कर देशभर में बेच रहा था। इस कार्रवाई में पश्चिम बंगाल से जुड़े एक प्रमुख तस्कर को जयपुर में गिरफ्तार किया गया। पीबीआई थाना के एएसपी डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गिरोह राजस्थान में अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीनों का कारोबार कर रहा है। दो माह तक गहन रैकी और पड़ताल के बाद पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के 45 वर्षीय अमिताभ भादुरी को जयपुर में धर दबोचा गया। भादुरी ने कोलकाता की लाइफ प्लस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के डॉ. आदित्य मुरारका के लिए काम करने की बात कबूल की। मशीन की कीमत सात से दस लाख रुपए के बीच थी और सौदा सवा छह लाख में तय हुआ।

## ■ 'अमिताभ' ने बॉस को भेजा था मैसेज, डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन...



*गिरफ्तार आरोपी अमिताभ भादुरी और अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन।*

### सेंट्रल पार्क से दबोचा गया तस्कर

टीम ने अमिताभ भादुरी से संपर्क साधकर सौदा तय किया। उसने कुछ राशि ऑनलाइन एडवांस मांगी और बाकी डिलीवरी के समय लेने की बात कही। अमिताभ भादुरी मशीन लेकर जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और प्रतीक्षालय में रुका। उसने अपने बॉस डॉ. आदित्य मुरारका को वॉइस मैसेज भेजा, जिसमें कहा, 'मैं सतर्कता बरत रहा हूं, 'डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं...'। इसके बाद वह सेंट्रल पार्क पहुंचा, जहां पीसीपीएनडीटी टीम ने मशीन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता पुलिस को मुरारका के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

## ■ गिरोह के अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए पड़ताल जारी, बंगाल से जुड़े हैं तार

### कन्या भ्रूण हत्या रोकने की प्राथमिकता

एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने कहा कि लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों को रोकना उनकी प्राथमिकता है। यह गिरोह पोर्टेबल मशीनों के जरिए भ्रूण लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा दे रहा था, जिसे अब रोका जाएगा। इस कार्रवाई में बीकानेर जोन की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चीन से तस्करी, देशभर में नेटवर्क

पीबीआई थाना प्रभारी सत्यपाल यादव ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह चीन से पोर्टेबल कलर डॉपलर मशीनें तस्करी के जरिए भारत लाता था। ये मशीनें एक छोटे सूटकेस में रखी जा सकती हैं और इन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में बेचा जा रहा था। अपंजीकृत मशीनें भारत में प्रतिबंधित हैं, फिर भी यह रैकेट कई राज्यों में सक्रिय था। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

### देश में पहली ऐसी कार्रवाई

राजस्थान की पीसीपीएनडीटी टीम ने मई में भी गुजरात, पंजाब और राजस्थान में डिकॉय ऑपरेशन चलाकर भ्रूण लिंग जांच करने वालों को पकड़ा था। इस बार की कार्रवाई को देश में अवैध सोनोग्राफी मशीन तस्करी के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

---

अजमल कसाब के नाम से आया धमकी भरा मेल

# अब ईएसआईसी अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी



फोटो: पंकज शर्मा

*जयपुर। बम की सूचना के बाद अस्पताल में जांच करती डॉग स्क्वायड टीम।*

बेधड़क | जयपुर

सदर थाना इलाके में स्थित ईएसआईसी अस्पताल को गुरुवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी मिली। अस्पताल प्रशासन को अजमल कसाब के नाम से एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें विस्फोटक हमले की चेतावनी दी गई थी। मेल की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। धमकी की सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड, सिविल डिफेंस और अन्य टीमें तुरंत अस्पताल पहुंचीं। अस्पताल परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है। डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि मेल में तमिलनाडु के आईपीएस डेविडसन देवश्री बाथम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ई-मेल में दावा किया गया कि बाथम ने अपनी पत्नी की ट्रैवल एजेंसी के जरिए पूर्व एलटीटीई सदस्यों को फर्जी पासपोर्ट जारी किए। मेल में यह भी कहा गया कि वे पाकिस्तान द्वारा भर्ती किए गए हैं और उनके पास मोबाइल फोन, रासायनिक खतरे को ट्रिगर करने वाले फ्यूज और एक 'बायो-बबल' कार है। धमकी दी गई कि संदेह होने पर वे नर्व गैस आईईडी से अस्पताल में विस्फोट करेंगे। साइबर सेल की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

दो मासूम बच्चियों से दुष्कर्म का मामला

# NGO की मदद से खुला मामला, बाप अरेस्ट

बेधड़क | जयपुर

हसनपुरा में दो मासूम बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। बच्चियों की मां और एक एनजीओ की शिकायत के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, पिछले कई दिनों से हसनपुरा की दो नाबालिग बहनें पेट दर्द से परेशान थीं। मां उन्हें लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दुष्कर्म की आशंका जताई। मां ने पति पर शक जताया, जिसे पहले भी बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करते देखा गया था। सूचना मिलने पर बाल यौन हिंसा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर वालेंटरी एक्शन' और 'आसरा फाउंडेशन' ने मामले को गंभीरता से लिया। 21 जून को एनजीओ की टीम ने अस्पताल पहुंचकर सुरक्षित स्थान पर मां और बच्चियों से बात की। बच्चियां स्कूल में गुमसुम रहती थीं और पेट दर्द की शिकायत कर रही थीं। मां ने डर के कारण पहले पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करने से मना किया, लेकिन गंभीर अपराध को देखते हुए डीसीपी वेस्ट अमित बुढानिया ने चित्रकूट एसएचओ अंतिम शर्मा को काउंसलिंग का निर्देश दिया था।

---

# अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर पकड़ी गई 3.50 करोड़ की ड्रग्स

## ■ नाइजीरियन महिला से 1.782 किलो एम्फेटामाइन बरामद

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार के राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की जयपुर क्षेत्रीय इकाई ने दिल्ली से पाउडर के रूप में 1.782 किलो एम्फेटामाइन ला रही नाइजीरियाई मूल की एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के दिन की गई। बरामद नशीले पदार्थ को क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3.50



करोड़ रुपए आंकी गई है।

डीआरआई ने इस ड्रग्स को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (NDPS) के तहत जब्त किया है। इसके साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में विदेशी महिला को गिरफ्तार किया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। डीआरआई अधिकारियों को नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त नाइजीरियाई मूल की महिला के दिल्ली से जयपुर पहुंचने की गुप्त सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने बुधवार देर रात जयपुर शहर के बाहरी इलाके में महिला को पकड़ा और जांच की। जांच के दौरान पाउडर के रूप में नशीला पदार्थ मिलने पर उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। अब डीआरआई अधिकारी महिला को यह नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वालों से लेकर इसे प्राप्त करने वालों तक के नेटवर्क को खंगालने में जुटे हैं।

---

# जासूसी मामले में UDC को भेजा चार दिन के रिमांड पर

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने दिल्ली स्थित नौसेना भवन के डायरेक्टरेट ऑफ डॉकयार्ड में कार्यरत यूडीसी विशाल यादव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। अब इंटेलिजेंस टीम उसे नक्शा-मौका तस्दीक के लिए दिल्ली स्थित नौसेना भवन ले जाएगी। जांच में खुलासा हुआ है कि हरियाणा के रेवाड़ी जिले के पुनसिका निवासी विशाल वर्ष 2023 में फेसबुक के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर 'प्रिया शर्मा' नामक फर्जी आईडी के संपर्क में आया था। तीन महीने



तक फेसबुक चैट के बाद दोनों ने व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू की, फिर संवाद टेलीग्राम पर शिफ्ट हो गया। विशाल को ऑनलाइन गेमिंग का शौक था और गेम में पैसे हारने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पाकिस्तानी एजेंट ने इसका फायदा उठाकर उसे क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) और बैंक खातों के जरिए पैसे देकर संवेदनशील जानकारी हासिल की।

---

निगम अधिकारियों ने बाढ़ नियंत्रण केंद्रों का किया निरीक्षण

# अब फील्ड में उतरीं डिप्टी सीएम... जलभराव पर अफसरों को लगाई फटकार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद जलभराव और गंदगी की समस्या से शहरवासी खासे परेशान हैं। ऐसे में बारिश, जलभराव और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लगातार दूसरे दिन विद्याधर नगर और भांकरोटा क्षेत्र में जलभराव और विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने विद्याधर नगर की रोड नंबर 14 और भांकरोटा क्षेत्र में जलभराव की समस्या का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए वर्षों से चली आ रही जल निकासी की समस्या का शीघ्र समाधान



*जयपुर। विद्याधर नगर में निरीक्षण करते हुए डिप्टी सीएम दीया कुमारी।*

करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देना हमारी प्राथमिकता है, ऐसे में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने अजमेर रोड स्थित रिंग रोड परियोजना का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा।

## अधिकारियों ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

मानसून के दौरान सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगम अधिकारियों ने फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त (स्वास्थ्य) देवानंद शर्मा ने जलमहल के आस-पास की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं, सिविल लाइन जोन के उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन और हसनपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे कचरा मिलने पर स्वास्थ्य निरीक्षक को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग, अभियंता शाखा और सफाई निरीक्षकों ने जलमहल, सिंधी कैंप, रामगंज, छोटी चौपड़, आमेर रोड समेत कई इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर फैले कचरे पर तुरंत कार्रवाई करने और अन्नपूर्णा रसोई में खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



### 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश

हेरिटेज नगर निगम की आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बाढ़ नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण करते हुए जलभराव की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शास्त्री नगर, जयपुर जंक्शन, सुभाष चौक, आमेर रोड सहित कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और बाढ़ नियंत्रण केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने तथा वायरलेस सिस्टम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

### तीन शिफ्टों में काम करेंगे अधिकारी

नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने सभी चार बाढ़ नियंत्रण केंद्रों को सक्रिय करने और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मानसरोवर बाढ़ नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को तीन शिफ्टों में कार्य करने, शिकायतों का त्वरित समाधान करने और खतरनाक क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। ग्रेटर क्षेत्र में मानसरोवर, मालवीय नगर, विश्वकर्मा और खिरणी फाटक के पास बाढ़ नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर मड पंप, ट्रैक्टर, मिट्टी के कट्टे जैसे संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

## जरूरी खबर

### टीबी मरीजों को मिला संबल, पोषण किट वितरित



**निवाई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत जामडोली एवं बहड़ में शिविरों का आयोजन किया गया। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णु कांत ने बताया कि सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के चिह्नित टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किए गए। इस दौरान जामडोली सरपंच सत्यनारायण खटीक व बहड़ सरपंच बृजमोहन आर्य को "निक्षय मित्र" के रूप में नामित किया गया। उनके माध्यम से मरीजों को पोषण किट सौंप सरकार की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता को साकार किया गया।

### चूरू में अनियंत्रित होकर एसयूवी पलटी, दो की मौत



**चूरू।** जिले के सरदारशहर में चूरू रोड स्थित निजी कॉलेज के पास गुरुवार को अनियंत्रित होकर एसयूवी पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 3 लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार कर हाई सेंटर रेफर कर दिया गया है। सरदारशहर थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने बताया कि एसयूवी में सवार सभी लोग सरदारशहर में शादी में शामिल होकर चूरू जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चूरू निवासी आजम लुहार और बिलाल लुहार की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए।

### ट्रैक के पास मिले 2 दोस्तों के शव, हत्या का अंदेशा



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं कोतवाली थाना क्षेत्र की पूरा की ढाणी स्थित रेलवे अंडरपास के पास गुरुवार सुबह दो दोस्तों के शव मिले हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस व एफएसएल टीम पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए। SHO मांगीलाल ने बताया कि दोनों के शरीर पर चोटों के निशान भी थे। झुंझुनूं सीओ सिटी वीरेंद्र शर्मा के साथ एफएसएल और एमओबी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। मतकों की पहचान गुढ़ा मोड़ निवासी इलियास (28) और बाकरा रोड निवासी सदाम (29) के रूप में हुई है, दोनों आपस में दोस्त हैं। पुलिस हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है।

## ब्लैक-फिल्म लगी देख कर रोका और पूछा तो बाजार में दौड़ा दी SUV

# भागने के चक्कर में ट्रक-स्कूटी को मारी टक्कर, कांस्टेबल का हाथ फंसा

**बेधड़क** | सांचौर (जालोर)

यहां सदर थाना इलाके के रानीवाड़ा चौराहे पर गुरुवार सुबह कांच पर ब्लैक फिल्म लगी एक एसयूवी कार को रोकना एक कांस्टेबल को भारी पड़ गया। दरअसल, टोकने पर एसयूवी ड्राइवर बार-बार गाड़ी को रिवर्स करता रहा, साथ ही कुछ मिनट तक बाजार में गाड़ी दौड़ाता रहा। उसको रोकने के चक्कर में कांस्टेबल का हाथ गाड़ी के कांच में फंस गया। इसके बाद भी जब वह नहीं रुका तो कांस्टेबल ने गाड़ी के कांच पर पत्थर मारे और बोनट पर मुक्के मार कर उसे रोकने की कोशिश की। आखिरकार कांस्टेबल ने उसका दरवाजा खुलवाया, लेकिन वह तब भी बाजार से गाड़ी को भगा कर ले गया। इसमें एसयूवी ड्राइवर ने बाजार में एक ट्रक और स्कूटी को भी टक्कर मारी। हादसे में कांस्टेबल के हाथ में चोट आई है। मामले का पूरा वीडियो एक CCTV में कैद हो गया। सांचौर एडिशनल एसपी आवड़ दान चारण ने बताया कि सदर थाने के कांस्टेबल जगदीश की शहर के मुख्य चौराहे पर ड्यूटी थी। सुबह 11:44 मिनट पर एक काले कांच की क्रेटा एसयूवी बाड़मेर रोड की ओर से आती हुई दिखाई दी। इस पर जगदीश ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया। जगदीश ड्राइवर की साइड में पहुंचा और गाड़ी को साइड में लगाने के लिए कहा। इसके बाद काले कांच होने का कारण पूछा। इस पर ड्राइवर ने कांच को ऊपर चढा लिया, जिससे कांस्टेबल का हाथ फंस गया और ड्राइवर गाड़ी को बैक करके बिजली पोल के पास लेकर आया।

### ड्राइवर को पकड़ने के लिए करवाई गई नाकाबंदी





एसयूवी को चालक ने रिवर्स लेते हुए ट्रक को मारी टक्कर (ऊपर)। दाएं गाड़ी को दौड़ाते हुए स्कूटी को लिया चपेट में।

### फरार ड्राइवर की तलाश में पुलिस

एडिशनल एसपी आवड़दान चारण ने बताया कि जगदीश ने इसके बाद जब ड्राइवर को नीचे उतरने के लिए कहा तो ड्राइवर उससे बहस करने लगा। इसके थोड़ी देर बाद ड्राइवर गाड़ी को रानीवाड़ा की ओर 200 मीटर तक भगा ले गया। गाडी के नंबरों के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में नाकाबंदी की गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## उदयपुर: आरएनटी मेडिकल कॉलेज में करंट से मौत का मामला

# रेजिडेंट्स की भूख हड़ताल जारी विरोध में उतरे सीनियर डॉक्टर्स

**बेधड़क** | उदयपुर/कोटा/बीकानेर

- कोटा और बीकानेर में भी रेजिडेंट्स की हड़ताल से बिगड़े हालात
- उदयपुर के साथ ही अन्य जगह भी टाले ऑपरेशन

उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में डॉक्टर रवि शर्मा की मौत के बाद रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल 8वें दिन भी जारी रही। दो दिन से 4 रेजिडेंट डॉक्टर्स भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनका कहना है कि मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। वहीं, आरएनटी कॉलेज में रेजिडेंट्स की हड़ताल के विरोध में सीनियर डॉक्टर्स उतर आए हैं। उधर, इस हड़ताल के समर्थन में कोटा और बीकानेर में भी रेजिडेंट्स की हड़ताल के चलते चिकित्सा व्यवस्था गड़बड़ा गई है।

उदयपुर में सीनियर डॉक्टर्स ने गुरुवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज में रैली निकाली और रेजिडेंट्स को हड़ताल खत्म कर हॉस्पिटल जॉइन करने की मांग की। वहीं, रेजिडेंट्स यूनियन के पूर्व सचिव डॉ. जतिन प्रजापति ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, भूख हड़ताल जारी रहेगी। गुरुवार को मांगों को लेकर एसपी और कलेक्टर के साथ रेजिडेंट्स की मीटिंग हुई, लेकिन रेजिडेंट्स सहमत नहीं हुए। एक दिन पहले भी कलेक्टर, कॉलेज प्रशासन और रेजिडेंट्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें मांगों को लेकर सहमति नहीं बनी थी।

राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. तरुण रलोत ने कहा कि हमने रेजिडेंट्स की हड़ताल को अनुचित बताते हुए गुरुवार को इसके विरोध में कॉलेज कैंपस में रैली निकाली। उन्होंने कहा कि मृतक डॉक्टर के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। हम चाहते हैं कि उनके परिवार को मुआवजा मिले। रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने से पहले ही प्रिंसिपल को हटाने की मांग गलत है।



उदयपुर में रेजिडेंट्स की हड़ताल का विरोध करते सीनियर डॉक्टर्स।



बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में बिगड़े हाल।



कोटा में हड़ताल के चलते ओपीडी में मरीज परेशान।

### कोटा में दूसरे दिन भी रेजिडेंट्स हड़ताल पर... ऑपरेशन टले

उदयपुर के डॉक्टर की मौत के मामले को लेकर कोटा मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। इससे जहां आईपीडी व ओपीडी में असर देखने को मिला, वहीं मेडिकल कॉलेज से जुड़े सरकारी हॉस्पिटल्स में 10 से 12 ऑपरेशन टालने पड़े। ज्यादातर भर्ती मरीजों व इमरजेंसी केसों में सोनोग्राफी की जा रही है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को आगे की तारीख दी जा रही है। दरअसल, कोटा मेडिकल कॉलेज से जुड़े एमबीएस, जेकेलोन, एसएसबी,न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, रामपुरा हॉस्पिटल के 600 के करीब रेजिडेंट डॉक्टर्स सम्पूर्ण (इमरजेंसी सेवाओं सहित) कार्य बहिष्कार पर हैं। इसके चलते ओपीडी व आईपीडी में सीनियर रेजिडेंट व सीनियर डॉक्टर्स को कमान संभालनी पड़ रही है।

### कॉलेज हॉस्टल के बाथरूम में गिरा प्लास्टर

मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में असुविधाओं को लेकर जहां रेजिडेंट्स हड़ताल पर हैं, वहीं गुरुवार शाम को हॉस्टल के बाथरूम का प्लास्टर भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि वहां कोई नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस संबंध में रेजिडेंट्स ने तुरंत कॉलेज प्रशासन को सूचना दी। रेजिडेंट्स का कहना है कि हॉस्टल की हालत बहुत खराब है। वहां रहना मुश्किल है।

### बीकानेर में हड़ताल से बिगड़े PBM के हाल

उदयपुर में एक रेजिडेंट डॉक्टर की मौत के बाद चल रही रेजिडेंट्स की हड़ताल के समर्थन में बीकानेर में रेजिडेंट्स की हड़ताल लगातार दूसरे दिन जारी रही। रेजिडेंट्स के वार्ड और ओपीडी में नहीं पहुंचने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते PBM में चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में 500 रेजिडेंट्स हैं। इनकी हड़ताल से मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

## अंतिम संस्कार में मची अफरा-तफरी

# चिता में विस्फोट, चार बच्चों सहित छह घायल



हादसे में झुलसे बच्चे।

**बेधड़क** | बहरोड़

जिले के बानसूर के हाजीपुर गांव की ढाणी पापड़दा में गुरुवार दोपहर को अंतिम संस्कार के दौरान बड़ा हादसा हो गया। चिता में तेज विस्फोट हो गया, जिससे हड़कंप मच गया। फैली आग से चार बच्चों सहित छह लोग झुलस गए। हादसे से अंतिम संस्कार में पहुंचे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासन के आला अधिकारी मामले की जांच में जुट गए।

बानसूर उप जिला अस्पताल इंचार्ज राजेश यादव ने बताया कि बुधवार को करंट से महिला रजनी यादव (27) की मौत हो गई थी। उसका गुरुवार को अंतिम संस्कार किया जा रहा था। लकड़ियां गीली होने के कारण ग्रामीणों ने चिता में स्प्रिट डाल दी, जिससे वहां जोरदार धमाका हो गया। इससे चिता के पास खड़े आकाश (12) पुत्र लेखराम, विजयपाल (15) पुत्र लाला राम, हर्ष (10) पुत्र कुलदीप, हिमांशु (13) पुत्र सुमेर व दो अन्य झुलस गए। घायलों को तुरंत निशुल्क एंबुलेंस की सहायता से बानसूर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

गनीमत रही कि स्प्रिट चिता के निचले हिस्से में डाली गई, जिससे आग की लपटें ज्यादा दूर नहीं फेल पाई वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था।

### पिछले कई दिनों से हो रही बारिश

परिजनों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के चलते आम जनजीवन बाधित हो गया। बरसात के कारण लकड़ियां भी गीली हो गई थी। चिता सुलगने में दिक्कत हो रही थी। इस कारण उसमें स्प्रिट डाला गया था, जिससे विस्फोट हो गया।

## पारिवारिक कलह में हत्या व आत्महत्या

# साले की हत्या कर खुद को भी मारी गोली

**बेधड़क** | मेड़ता सिटी (नागौर)

गोटन थाने के ग्राम नोखा चांदावता में बहनोई ने अपने साले को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार कर खुद को भी गोली मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मेड़ता डीएसपी रामकरण सिंह व थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की। वहीं, एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे। पुलिस के अनुसार BSF से रिटायर्ड मनरूप ने पारिवारिक कलह और पत्नी से अनबन के चलते यह कदम उठाया। घटना से पहले उन्होंने 6 मिनट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करके अपनी पीड़ा बयान की थी। साथ ही, करीब 3 हजार शब्दों का सुसाइड नोट भी लिखा। मनरूप का ससुराल गोटन थाना क्षेत्र के नोखा चांदावता गांव में है। पत्नी मुन्नी देवी से शादी के बाद से ही झगड़ा होता रहता था। इसी वजह से मुन्नी देवी ज्यादा समय पीहर में ही रहती थी। मनरूप का आरोप था कि पत्नी की बहनें और बहनोई उसे भड़काते हैं। इसी वजह से वह आए दिन झगड़ा करती है। मनरूप खांगटा गांव का रहने वाले थे। वहीं, मृतक साला पप्पूराम पंचायत समिति में संविदा पर एलडीसी था।

# डिप्टी सीएम बैरवा करौली बस स्टैंड पर गंदगी देख भड़के

**बेधड़क** | करौली

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा करौली दौरे पर रहे। उन्होंने बुधवार को जिला स्तरीय लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में शिरकत की, जबकि गुरुवार को करौली बस स्टैड का निरीक्षण किया। बस स्टैंड पर गंदगी व अव्यवस्था मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। डिप्टी सीएम बैरवा ने गुरुवार को करौली स्थित केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बस स्टैंड पर गंदगी देख उपमुख्यमंत्री भड़क गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सफाई व्यवस्था में तुरंत सुधार के निर्देश दिए। बस स्टैंड परिसर में संचालित रसोईघर में धूम्रपान की सामग्री देखकर नाराजगी जताई। उपमुख्यमंत्री ने यात्रियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, देहात मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह जादौन सहित भाजपा नेताओं ने बैरवा से करौली के रोडवेज डिपो से बसों का संचालन शुरू करने की मांग करते हुए नए रूटों पर बस सेवाएं शुरू करने की मांग की।



डिप्टी सीएम बैरवा यात्रियों से बात करते हुए।

## बांसवाड़ा के इंजीनियरिंग छात्रों का कमाल

# कबाड़ से 30 हजार रुपए में बना दिया चार पहिया वाहन

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा के इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्रों ने कमाल कर दिखाया है। उन्होंने कबाड़ से एक अनोखा चार पहिया वाहन बना कर सबको चौंका दिया है। इस वाहन का नाम रस्ट रनर है। यह प्रोजेक्ट मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम साल के छात्रों रचित जैन, जतिन पांचाल, खुशदीप सिंह और नन्नू खराड़ी का है। इन छात्रों ने बताया कि यह वाहन न सिर्फ कैंपस व्हीकल के रूप में, बल्कि ग्रामीण परिवहन, ईको फ्रेंडली गाड़ी या इलेक्ट्रिक व्हीकल के रूप में भी उपयोगी विकल्प बन सकता है।



छात्रों द्वारा निर्मित वाहन को चलाते कुलगुरु। साथ हैं, शैक्षणिक सलाहकार।

### शिक्षकों का साथ और छात्रों की मेहनत

इस प्रोजेक्ट में छात्रों को डॉ. जिग्नेश पटेल, नितिन स्वर्णकार और हिमांशु पांड्या जैसे शिक्षकों का मार्गदर्शन मिला। सभी ने छात्रों की मेहनत और सोच की तारीफ की। वहीं, इन छात्रों का कहना है कि आगे इस वाहन में वे ये सुधार करना चाहते हैं, जैसे, डुअल व्हील ड्राइव सिस्टम, बेहतर ब्रेकिंग और सस्पेंशन और सोलर पैनल से चलने वाली तकनीक भी जोड़ना चाहते हैं।

### कुलगुरु ने खुद चलाया वाहन

25 जून को कॉलेज में 'रस्ट रनर' की पहली सवारी कुलगुरु प्रो. केएस ठाकुर और शैक्षणिक सलाहकार डॉ. महिपाल सिंह को करवाई गई। कॉलेज में ट्रायल के बाद कुलपति ने कहा कि कम संसाधनों में भी नवाचार संभव है, यह प्रोजेक्ट इसी का प्रमाण है। छात्रों ने पर्यावरण और तकनीक दोनों का संतुलन बखूबी साधा है।

### जंकयार्ड से मिले पुराने पुर्जों से बनाया

इस वाहन को पुराने स्कूटर के इंजन और जंकयार्ड से मिले पुराने पुर्जों से बनाया गया है। इसकी कुल लागत सिर्फ 30 हजार रुपए आई है। सबसे खास बात यह है कि छात्रों ने इसका पूरा डिजाइन, वेल्डिंग, वायरिंग और जोड़ने का काम खुद ही किया।

## 12 घंटे बाद मिला युवक का शव

# सरसा माता बांध में सेल्फी लेते युवक गिरा... मौत

**बेधड़क** | अलवर

थानाागाजी के टहला में सरसा माता बांध में डूबने से लोको पायलट के बेटे की मौत हो गई। बच्चा बांध पर सेल्फी ले रहा था। इस दौरान पैर फिसल गया था। करीब 12 घंटे बाद गुरुवार सुबह शव को बाहर निकाला गया। टहला एसएचओ रामस्वरूप ने बताया कि डूबने वाला युवक निहाल (25) पुत्र करतार सिंह गुर्जर सियालाबास, बांदीकुई का रहने वाला था। वह बुधवार शाम सरसा माता बांध पर दोस्तों के साथ घूमने आया था। इस दौरान वीडियो बनाते हुए बांध में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रात होने पर रेस्क्यू को रोका गया। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे से NDRF, पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर वापस रेस्क्यू किया। करीब 2 घंटे में शव को बांध से निकाला गया। शव झाड़ियों में फंस गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।



## मादक पदार्थों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एनसीबी ने निकाली रैली

# मंत्रियों ने साइकिल चलाकर छेड़ा 'एक युद्ध-नशे के विरुद्ध'

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय नशा एवं अवैध तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर 'एक युद्ध - नशे के विरुद्ध' की हुंकार के साथ नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) क्षेत्रीय इकाई जयपुर के तत्वावधान में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र और नागरिक शामिल हुए। साइकिल रैली की शुरुआत सुबह 7 बजे एनसीबी कार्यालय, जयपुर से हुई जो कलेक्ट्रेट से होते हुए पुनः एनसीबी कार्यालय पहुंची। यह रैली करीब 10 किलोमीटर लंबी रही। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, उप महानिदेशक (पश्चिम क्षेत्र) एनसीबी मनीष कुमार, क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी, एडीजी एएनएफटी व एसओजी वी. के. सिंह, जयपुर कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी, मुख्य आयुक्त जीएसटी अनुज गोगिया, डीजीपी ट्रैफिक शाहीन, जीआरपीएस के बजरंग सिंह, समाजसेवी सूरज सोनी, राजस्थान हॉस्पिटल के मनोचिकित्सक डॉ. राघव शाह, नव विकल्प संस्थान के हरीश भूटानी आदि उपस्थित रहे।



युवाओं को नशा विरोधी शपथ दिलाते और रैली में साइकिल चलाते मंत्री अविनाश गहलोत और जवाहर सिंह बेढम।



### युवाओं को नशा विरोधी शपथ दिलाई

सभी अतिथियों का स्वागत एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी ने किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित युवाओं व अतिथियों को नशा विरोधी शपथ भी दिलाई। रैली का शुभारंभ गृह राज्य मंत्री बेढम और मंत्री अविनाश गहलोत ने छोटे बच्चों से हरी झंडी दिखवाकर किया।

### नशा मुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान

दोनों मंत्रियों सहित सभी अतिथियों ने साइकिल चलाकर पूरे जयपुर और राजस्थान के नागरिकों को नशा मुक्त और स्वस्थ समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री बेढम ने नशा मुक्त जीवनशैली को अपनाने का आह्वान किया। वहीं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य ही असली धन है, और ऐसी साइक्लिंग जैसी गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मंच पर युवाओं ने कहा- 'नशे से दूर, सेहत भरपूर'



'नशे से दूर - सेहत भरपूर' नाटक का एक दृश्य।

**बेधड़क** | जयपुर

युवाओं ने नशे से दूर रहने का संदेश जब अभिनय के जरिए मंच से दिया तो सभागार में मौजूद हर दर्शक रोमांचित हो उठा। साथ ही लोगों ने नशे को 'ना' कहने का संकल्प भी लिया। अवसर था अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर इंदिरा गांधी पंचायती राज सभागार में आयोजित नाटक 'नशे से दूर - सेहत भरपूर' का, जिसका मंचन रस रंग मंच संस्था की ओर से सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सहयोग से किया गया। नाटक का लेखन और निर्देशन हिमांशु झांकल व रति महर्षि ने किया, जिसमें अजीत माथुर, के. के. कोहली, मुकेश वर्मा और महेश महावर जैसे अनुभवी कलाकारों ने दमदार अभिनय किया। नाटक में स्मैक, गांजा, चरस, शराब और तंबाकू को एक प्रतीकात्मक 'राक्षस' के रूप में दिखाया गया, जो धीरे-धीरे समाज को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। तभी कुछ जागरूक समाजसेवी इस अंधकार के विरुद्ध आवाज उठाते हैं और जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हैं। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## गुप्त वृन्दावन धाम से रथयात्रा आज

# हाइड्रोलिक रथ पर भ्रमण करेंगे भगवान जगन्नाथ

**बेधड़क** | जयपुर



भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को नगर भ्रमण करेंगे। इसके लिए गुप्त वृन्दावन धाम की ओर से शुक्रवार को रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान अहमदाबाद में तैयार किए गए एक विशेष हाइड्रोलिक रथ पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे। इस दौरान लाखों भक्त नंदीघोष रथ पर विराजित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन करेंगे। यात्रा जयपुर होटल (कलेक्ट्रेट सर्किल के पास) से शुरू होकर खासा कोठी पुलिया, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, पांच बत्ती सर्किल, अजमेरी गेट और न्यू गेट से होती हुई अल्बर्ट हॉल म्यूजियम रोड की ओर से शाम 8:15 बजे राजस्थान स्काउट एंड गाइड्स गार्डन पर समाप्त होगी। परंपरा के अनुसार गुप्त वृन्दावन की ओर से रथयात्रा से एक दिन पूर्व गुरुवार को जयपुर के विभिन्न मंदिरों में विशेष 'मंदिर मार्जन सेवा' के अंतर्गत मंदिरों की सफाई की गई। मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि भगवान कृष्ण को द्वारका से वृन्दावन वापस लाने के लिए वृन्दावनवासियों ने उनका रथ अपने हाथों से खींचा था। भगवान कृष्ण, वृन्दावनवासियों के इस प्रेम को देखकर भावविभोर हो गए थे और इसी की स्मृति में हर वर्ष रथयात्रा निकाली जाती है।

## आज निकलेगी जयपुर रथयात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

श्री जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से आयोजित तीसरी 'जयपुर रथ यात्रा' शुक्रवार को गोविंद देवजी मंदिर से प्रारंभ होगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और सुभद्रा माता की रथ यात्रा का शुभारंभ जलेबी चौक पर करेंगे। 'जयपुर रथ यात्रा' का यह तीसरा संस्करण है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पवित्र रथ को खींचेंगे। रथ यात्रा के पश्चात देवी-देवता नौ दिनों तक श्री बृजनिधि मंदिर में विराजमान रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों जैसे संकीर्तन, सत्संग, 'जगन्नाथ कथामृतम' के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें ओडिसी और भरतनाट्यम नृत्य, नाटक, संगीत समारोह और लघु फिल्मों का प्रदर्शन शामिल है। 'जयपुर रथ यात्रा' का समापन 5 जुलाई को श्री बृजनिधि मंदिर से रवाना होकर हवामहल स्थित रामचंद्रजी मंदिर पहुंचकर होगा।

## शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

# जहां होती है शिव कथा वह स्थान काशी समान





**बेधड़क** | जयपुर

श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन व्यासपीठ से संतोष सागर महाराज ने भगवान शिव के विविध स्वरूपों और शिव कथा के सुंदर माहात्म्य को उजागर किया। महाराज ने कहा कि शिव कथा सिंधु के समान है। इसमें समाहित होने के लिए भक्त को सरिता की तरह बनना पड़ता है, जो अंत में समुद्र में समाहित हो जाती है। भगवान शिव का रहस्य गहरा है, जिसे यह कथा स्पष्ट करती है। शिव का अर्थ ही कल्याण है।

उन्होंने कहा कि शिव महापुराण का पांडाल कल्पवृक्ष के समान है। यहां बैठकर जैसा चिंतन करेंगे, वैसा ही फल प्राप्त होगा। जहां भगवान शिव की कथा होती है, वह स्थान काशी के समान पावन हो जाता है। नौ दिन तक यह पांडाल आनंदवन बन जाता है। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि शिव महापुराण कथा का समापन 4 जुलाई को होगा। कथा में नगर निगम हेरिटेज की मेयर कुसुम यादव, अजय यादव, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, चेतन कुमावत, त्रिलोक खंडेलवाल, मनोज मुद्गल, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, अर्जुन सिंह राठौड़, जितेंद्र लखवानी, अजय विजयवर्गीय, दीपक गोयल सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. अजीत पाठक PRSI के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



**बेधड़क** | जयपुर

पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए नई दिल्ली में आयोजित चुनावों में डॉ. अजीत पाठक को वर्ष 2025-2027 के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। डॉ. पाठक भारत में पब्लिक रिलेशंस में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं और ग्लोबल अलायंस ऑफ पीआर एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट के पूर्व सचिव रह चुके हैं। वे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में महाप्रबंधक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। जनसंपर्क के क्षेत्र में उनके योगदान, दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के चलते यह लगातार 21वां वर्ष है जब उन्हें पीआरएसआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विश्वास प्राप्त हुआ है। नई कार्यकारिणी में डॉ. पी.एल. के. मूर्ति को महासचिव, दिलीप चौहान को सचिव (कोषाध्यक्ष), नरेंद्र मेहता को उपाध्यक्ष (उत्तर), एम.एस. मजूमदार को उपाध्यक्ष (पूर्व), एस.पी. सिंह को उपाध्यक्ष (पश्चिम) और यू.एस. शर्मा को उपाध्यक्ष (दक्षिण) चुना गया।

## जेठ चंड की पूजा कर प्रकृति को बचाने का दिया संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

सिंधी समाज ने शहर के झूलेलाल मंदिरों, सार्वजनिक जलाशयों और घरों में जेठ चंड की पूजा कर वृक्ष की टहनी को आटे से बने मोदक में लगाकर वरुण देवता का आह्वान किया और आरती उतारी। समाज के तुलसी संगतानी ने बताया कि जेठ चंड की पूजा सिंधी ज्येष्ठ महीने के समापन पर की जाती है। कहा जाता है कि परिवार में पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए मन्नत मांगी जाती थी। इस अवसर पर वरुणावतार भगवान झूलेलाल को ऋतु फलों के साथ घरों में बने पुलाव, मीठी सिवइयां और छोले का भोग लगाया गया। महिलाओं ने बच्चों को संदेश दिया कि प्रकृति को बचाएं और पेड़ों की रक्षा करें।



**मुनि का भ्रमण** | **मीरा मार्ग के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश**

# त्यागने योग्य हैं उन्हें त्यागें, अपनाने योग्य को अपनाएं

**बेधड़क** | जयपुर

मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का 6 जुलाई तक जयपुर भ्रमण चल रहा है। इस दौरान मुनिश्री प्रवचनों से धर्म व ज्ञान की गंगा बहा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मानसरोवर के मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जयकारों के बीच मंगल प्रवेश हुआ।

मुनिश्री ने मंगलदेशना में कहा कि जो त्यागने योग्य हैं उन्हें त्यागें, जो अपनाने योग्य हैं उन्हें अपनाएं। अहंकार और अहंकारी से सदैव दूर रहें। इससे पूर्व मुनि संघ सुबह 6:15 बजे गायत्री नगर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से अग्रवाल फार्म, मानसरोवर के मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए रवाना हुआ। मार्ग में अग्रवाल फार्म थड़ी मार्केट स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका प्रशांत नंदिनी माताजी ससंघ से मंगल मिलन हुआ।

इस मौके पर विरांगना दिव्य घोष से मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। इसके बाद मुनि संघ का बैंड-बाजों के साथ जुलूस के रूप में मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवेश हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी के नेतृत्व में पाद प्रक्षालन व मंगल आरती कर अगवानी की गई। मंदिर दर्शन के बाद मुनिश्री ससंघ के सान्निध्य में सुबह 8:15 बजे धर्मसभा का आयोजन हुआ।



### जिनवाणी चर्चा और गुरुभक्ति

इस अवसर पर पाद प्रक्षालन राकेश-निर्मला बाकलीवाल परिवार ने किया। शास्त्र भेंट प्राचार्य शीतल प्रसाद, सुभाष चौधरी, महिला मंडल अध्यक्ष सुशीला रावका व मंत्री रश्मि सांगानेरियां ने की। अतिथियों का स्वागत मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, सुनील बैनाडा, मंत्री राजेन्द्र सेठी आदि ने किया। धर्मसभा में राजीव जैन गाजियाबाद, विनोद जैन, मनोज झांझरी, भंवरलाल जैन, जगदीश जैन, दीक्षांत हाडा, रमेश बोहरा सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। आहार चर्या के बाद संतों ने सामायिक की। दोपहर में जिनवाणी चर्चा की गई। शाम को गुरु भक्ति, आरती के बाद श्रुत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अब शुक्रवार को आदिनाथ भवन में सुबह 8:15 बजे धर्मसभा का आयोजन होगा। शाम को गुरु भक्ति, आरती व श्रुत समाधान का आयोजन किया जाएगा। 28 जून को मीरा मार्ग के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर मधुवन टोंक फाटक स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा।

## रोजगार में बढ़ोतरी और श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय

# भारतीय कामगारों का सशक्तीकरण



वी. अनंत नागेश्वरन
मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारत सरकार

> उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमुख उदाहरण ई-श्रम पहल है, जहां गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (संस्थागत श्रमिकों) के लिए सामाजिक सुरक्षा का सफल कार्यान्वयन काफी हद तक प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स की भागीदारी पर निर्भर करता है। नियोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि एक सुरक्षित, संरक्षित और संतोषजनक कार्यस्थल बनाना, साथ ही श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, वंचित और कमजोर समूहों को लक्षित और निरंतर समर्थन प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है।



आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब 'ऑल-इन-वन' (एकल सुविधा) प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोजगार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोजगार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे जरूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है।

राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक 'वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म' के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोजगार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें कॅरिअर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फोन के जरिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के जरिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, कॅरिअर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के जरिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है।

एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे।

रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई-श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए 'एकल समाधान' के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रूप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध-आधारित नौकरी करने वाले) का ई-श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है।

इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम), सरकारी योजनाएं खोजने के लिए "वन स्टॉप" समाधान प्रदान करने वाला राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म माईस्कीम, दिशा योजना आदि के साथ एकीकृत किया गया है। यह श्रमिकों को ई-श्रम पर एक बार पंजीकरण कराने से ही केंद्र और राज्य सरकारों के कई योजना पोर्टलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है। इससे योजना की पात्रता, योजना के लाभों, नौकरी के अवसरों का पता लगाने, कौशल प्रशिक्षण, पेंशन और बीमा जैसे लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। इसकी पहुंच और भी व्यापक बनाने के लिए हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भाषिणी परियोजना की 22 भाषाओं वाली एक बहुभाषी सुविधा को ई-श्रम में जोड़ा गया है। परिचालन को सरल बनाने के लिए राज्य माइक्रोसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए हैं।

इन प्रयासों से उल्लेखनीय सफलता और घरेलू स्तर पर सराहना के साथ ही वैश्विक स्तर पर भी मान्यता मिली है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के नवीनतम डेटाबेस अद्यतन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ की विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 की रिपोर्ट के अनुसार लाभार्थियों के मामले में भारत 94 करोड़ 13 लाख के साथ दूसरे स्थान पर है। यह बढ़ोतरी देश में सामाजिक सुरक्षा दायरे की गणना में 32 केंद्रीय योजनाओं के साथ राज्य की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को शामिल करने के सरकार के प्रयासों का परिणाम है। विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 के लिए डेटा पूलिंग की चल रही कवायद के तहत सामाजिक सुरक्षा दायरे में इस विकास को शामिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है। इसी क्रम में, 34 करोड़ 60 लाख से अधिक सदस्यों वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएफओ के द्वितीय चरण में बदलाव के लिए कई डिजिटल सुधार लागू किए हैं। इनसे सदस्यों की पहुंच बढ़ी है और नियोक्ताओं का काम आसान हो गया है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर शुरू करने, एकीकृत केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने, ई-पासबुक, उमंग एप, योगदानकर्ताओं के अंशदान का ई-संग्रह और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के प्रावधान सहित प्रमुख पहल से सदस्यों की सुविधा बढ़ी है। ईपीएफओ के तहत केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली आरंभ होने से देश में कहीं से भी पेंशन प्राप्त करने से 77 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, ऑटो-क्लेम सेटलमेंट सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपए करने से लगभग 7 करोड़ 50 लाख सदस्यों को सुगमता होगी और दावों का निपटान तेजी से हो सकेगा। ईपीएफओ ने फंड ट्रांसफर प्रक्रिया को भी सरल बनाया है, जिससे एक करोड़ 25 लाख से अधिक सदस्यों को लाभ हुआ है और लगभग 90 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक अंतरण सुगम हुआ है। इन सुधारों और ईपीएफओ के आधुनिकीकरण तथा डिजिटलीकरण दक्षता बढ़ाने और मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने से सदस्यों और नियोक्ताओं दोनों के लिए प्रणाली संचालन आसान हो जाएगा।

सरकार के नीतिगत हस्तक्षेपों को उद्योग की सक्रिय भागीदारी का समर्थन आवश्यक है। उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमुख उदाहरण ई-श्रम पहल है, जहां गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (संस्थागत श्रमिकों) के लिए सामाजिक सुरक्षा का सफल कार्यान्वयन काफी हद तक प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स की भागीदारी पर निर्भर करता है। नियोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि एक सुरक्षित, संरक्षित और संतोषजनक कार्यस्थल बनाना, साथ ही श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, वंचित और कमजोर समूहों को लक्षित और निरंतर समर्थन प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है। यह समर्थन आर्थिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देगा और कार्यबल तथा अर्थव्यवस्था में भागीदारी की बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## प्रेरणादायक...

### करुणा का जादू



डॉ. रेखा राठी
आध्यात्मिक उपचारक

करुणा हृदय की वह शक्ति है जो दुख को समझती है और प्रेम से प्रतिक्रिया देती है। यह कठोरता को चंगाई में बदल देती है और आलोचना को स्वीकृति में। जब आप दूसरों और स्वयं को करुणा से देखते हैं, तो विरोध नरम हो जाता है और विश्वास का मार्ग खुलता है। करुणा आपको कमजोर नहीं बनाती, यह आपको ज्ञानी बनाती है।

**प्रेरणा: आज किसी एक कठिन परिस्थिति को करुणा की दृष्टि से देखें, न कि निर्णय के साथ। देखें, ऊर्जा कैसे बदलती है।**

## व्यंग्य

### डॉक्टर साहब, नींद बहुत आती है!



महेश कुमार केशरी
व्यंग्यकार

एक बार एक सज्जन डॉक्टर के पास पहुंचे और बोले, 'मुझे सोने की बीमारी है। जब तक मैं पूरी तरह सो नहीं लेता, तब तक मैं बहुत परेशान रहता हूं। मेरे लिए खाना-पीना, जॉगिंग से लेकर खेल-कूद तक से भी ज़रूरी काम सोना है। जिस दिन मैं पूरी नींद नहीं ले पाता, उस दिन मुझे खट्टे डकार, अपच और सिर के भारीपन की शिकायत रहती है।' 'लोग-बाग शिकायत करते हैं कि मैं इतना क्यों सोता हूं। फिर भी लोगों की बात दरकिनार कर मैं सोता हूं। अगर मैं न सोऊं, तो मुझे कुछ भी ठीक नहीं लगता। मैं समाज में हंसी का पात्र बनकर रह गया हूं। आप कोई दवा दे दीजिए, जिससे मेरी सोने की यह बीमारी हमेशा के लिए खत्म हो जाए।' डॉक्टर साहब ने आले से उस सज्जन का मुआयना किया, जीभ देखी, आंख देखी, माथा छूकर देखा। थोड़ी देर बाद पर्ची पर कुछ लिखा और बोले, 'सोने वाले भाई साहब, मैंने आपका हर तरह से मुआयना कर लिया है। घबराने की कोई बात नहीं है। आप बहुत भाग्यशाली हैं कि आपको इतनी नींद आती है। नींद आना कोई बीमारी का लक्षण नहीं है, बल्कि नींद का न आना बीमारी का लक्षण है।' 'जहां इस दुनिया में लोग पैसे, ऐशो-आराम के चक्कर में अपना नींद-चैन गंवा चुके हैं और दिन-रात भागदौड़ कर रहे हैं, वहीं आप चैन की नींद ले रहे हैं, यह आज के समय में बहुत बड़ी बात है।' 'लोग इसी नींद को पाने के लिए सैकड़ों-हजारों रुपए की गोलियां फूंक रहे हैं। जो लोग इतना दबा-दबाकर बैठे हैं कि उन्हें इस बात की हमेशा टेंशन रहती है कि उसे छुपाएं कैसे, कहीं कोई जान न जाए। एक न्यायाधीश महोदय ने इतना दबाया कि उन्हें नोट जलाने पड़े, फिर भी पकड़े गए।' 'अगर लोग नहीं सोएंगे, तो बीमार पड़ जाएंगे। आप चीजो को ठिकाने लगाने के लिए ही जागते हैं। जिसके पास कुछ है ही नहीं, उसको भला नींद क्यों नहीं आएगी?' 'नींद उनको नहीं आती जो हत्यारे हैं, बलात्कारी हैं, जिन्होंने लोगों को गलत तरीकों से मारकर या दबाकर रखा हुआ है। साधारण आदमी तो पलंग तोड़कर सोता है। उसको किसी बात से क्या मतलब!' 'जो लोग सो नहीं पाते, वैसे लोगों को हम डॉक्टर आगरा या कांके भेज देते हैं। नहीं सोना या नींद न आना रोग का लक्षण है। जिसको नींद नहीं आती, वैसे लोग अस्वस्थ हैं।' 'दूसरों के सोने से तीसरे लोग परेशान रहते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि यह कौन-सा ऐसा काम करता है कि भगवान ने इसे ऐसी नेमत बख्शी है, जो इसे इतनी नींद आती है। एक हम हैं, जिन्हें नींद ही नहीं आती।' 'वही लोग आपसे जलते हैं कि यह बहुत ही भाग्यशाली है, जिसे इतनी बेहतरीन नींद आती है। कोई कल्पना भी कर सकता है कि किसी के ज्यादा सोने से भी किसी की नींद उड़ सकती है?' 'जी हां, आपके आराम से बहुत से लोगों को तकलीफ है।'

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
भारतीय नवजागरण के महान साहित्यकार, विचारक और राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। बंकिमचंद्र जी ने 'आनंदमठ' जैसी रचनाओं से युवाओं को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संगठित होने की प्रेरणा दी और 'वन्दे मातरम्' के माध्यम से आजादी की चेतना को स्वर दिया। राष्ट्रीय गीत के रचयिता बंकिमचंद्र जी अपनी कृतियों के माध्यम से देशवासियों के हृदय में सदैव जीवित रहेंगे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर, जोधपुर में आयोजित 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उस अंधकारमय कालखंड में तानाशाही के विरुद्ध साहसपूर्वक संघर्ष कर लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हेतु अप्रतिम योगदान देने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। साथ ही, तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा संविधान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों को कुचलने के षड्यंत्रकारी प्रयासों को उल्लेखित करती प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।


## नॉलेज कॉर्नर: छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम हानिकारक या लाभकारी?

# डिजिटल युग में स्क्रीन से बढ़ती निकटता

स्क्रीन टाइम यानी बच्चों द्वारा स्मार्टफोन, टैबलेट, टेलीविजन या कंप्यूटर जैसी डिजिटल स्क्रीन का उपयोग, आज हर परिवार की एक सामान्य वास्तविकता बन चुका है। क्या स्क्रीन टाइम बच्चों को नुकसान पहुंचाता है या यह एक आधुनिक शैक्षणिक उपकरण हो सकता है? बहुत से माता-पिता इस भ्रम में रहते हैं कि स्क्रीन का कोई भी उपयोग उनके बच्चे के विकास के लिए बुरा है। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। शोध से पता चलता है कि स्क्रीन टाइम का सकारात्मक या नकारात्मक असर पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि बच्चे स्क्रीन पर क्या देख रहे हैं, कितनी देर देख रहे हैं, और किस माहौल में देख रहे हैं। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### शारीरिक प्रभाव

लंबे समय तक स्क्रीन देखने से बच्चों को आंखों की थकान, सूखापन, और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। जब बच्चे बाहर खेलने, दौड़ने या दोस्तों से मिलने की जगह सिर्फ स्क्रीन से चिपके रहते हैं, तो उनका शारीरिक विकास रुक सकता है, जिससे मोटापा, धीमी मांसपेशी वृद्धि और नींद की समस्या हो सकती है। स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग ध्यान केंद्रित करने, भाषा सीखने, और भावनात्मक नियंत्रण पर असर डाल सकता है। विशेष रूप से 3 साल से छोटे बच्चों में, जब मस्तिष्क तेजी से विकास कर रहा होता है, स्क्रीन की पृष्ठभूमि में उपस्थिति भी ध्यान भंग कर सकती है। ऐसे समय में, बच्चों को सीखने के लिए मानव संपर्क और खुले-ended खेल गतिविधियां अधिक जरूरी होती हैं।



### ये है अनुकूल स्क्रीन टाइम

स्क्रीन टाइम हानिकारक नहीं होता, यदि इसे सुनियोजित तरीके से और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री के साथ प्रस्तुत किया जाए। शैक्षिक ऐप्स, इंटरएक्टिव कहानियां, और विज्ञान या भाषा आधारित प्रोग्राम बच्चों की सोचने की क्षमता, शब्दावली, और याददाश्त को बढ़ा सकते हैं। कुछ डिजिटल कार्यक्रम विशेष रूप से 4–6 वर्ष के बच्चों के लिए बनाए गए हैं। यदि ये सामग्री माता-पिता की भागीदारी के साथ देखी जाए, तो प्रभाव और भी सकारात्मक हो सकता है, क्योंकि बच्चा स्क्रीन से संवाद करना सीखता है। छोटे बच्चों के लिए दैनिक स्क्रीन टाइम सीमित होना चाहिए। WHO के अनुसार 2 साल से कम बच्चों के लिए बिल्कुल नहीं और 2–5 साल के लिए अधिकतम एक घंटा प्रतिदिन। स्क्रीन टाइम को शारीरिक खेल, पठन, कलात्मक गतिविधियों, और परिवार के साथ संवाद से संतुलित किया जाना चाहिए।

### बुद्धिमत्तापूर्ण करें उपयोग

*स्क्रीन टाइम को पूरी तरह खारिज करने की बजाय, इसका सामंजस्यपूर्ण और बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग बच्चों के संज्ञानात्मक और सामाजिक विकास में सहायक हो सकता है। सही कंटेंट और सही गाइडेंस के साथ, स्क्रीन भी बच्चों के लिए सीखने का सशक्त माध्यम बन सकती है।*

*कंटेंट: रघुवीर जांगिड़*

भारतीय भाषाएं देश को तोड़ने का नहीं, जोड़ने का माध्यम बनें

# हिंदी सभी भाषाओं की सखी है, अन्य भाषाओं की दुश्मन नहीं: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा को भारत को 'तोड़ने' का जरिया बनाने की कोशिश हुई, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय भाषाएं देश को एकजुट करने का सशक्त माध्यम बनें। शाह ने आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं, बल्कि सभी भाषाओं की सखी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन में भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए और सभी राज्यों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में देने की दिशा में पहल करनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, "हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति और स्वाभिमान को आगे ले जा सकती हैं। भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है।"



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य पुस्तक का विमोचन करते हुए।*

### अब जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में

उन्होंने बताया कि अब जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में कराई जा रही हैं, और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पदों की परीक्षा भी अब हिंदी-अंग्रेज़ी के साथ अन्य भारतीय भाषाओं में होती है। शाह ने कहा कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और इसके लिए आवश्यक है कि नागरिक अपनी भाषाओं पर गर्व करें, उनमें सोचें और बोलें। उन्होंने यह भी दोहराया कि केंद्र सरकार सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कार्यों में भारतीय भाषाओं के उपयोग में हरसंभव सहायता देगी। अमित शाह का यह बयान भारतीय भाषाओं के सम्मान और उनके व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों की ओर स्पष्ट संकेत देता है।

### हिंदी को नजरअंदाज नहीं कर सकते: शरद पवार



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को कक्षा एक से अनिवार्य बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नई भाषा की पढ़ाई करानी है, तो इसकी शुरुआत कक्षा पांच के बाद होनी चाहिए। पवार ने कहा कि हिंदी को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन छोटी कक्षाओं में अतिरिक्त भाषा का बोझ डालना छात्रों के लिए हानिकारक हो सकता है। मातृभाषा की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी राज्य सरकार के उस आदेश के बाद आई है जिसमें मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की बात कही गई है।

---

### प्रसिद्ध हास्य कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के विख्यात हास्य कवि और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. सुरेन्द्र दुबे का गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 72 वर्षीय दुबे को रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था, जहां दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. दुबे पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे और अपनी व्यंग्यात्मक कविता शैली के लिए देशभर में लोकप्रिय थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित साहित्य और कला जगत की अनेक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें छत्तीसगढ़ी साहित्य और हास्य काव्य का शिखर पुरुष बताया।

### आत्महत्या सोशल मीडिया पर की लाइव स्ट्रीम



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की एक 20 वर्षीय युवती ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और इस पूरी घटना की 'फेसबुक लाइव' स्ट्रीमिंग की। घटना बुधवार शाम सुभाथू छावनी के पास शाडियाना पंचायत के ओल्गी गांव में हुई, जब परिजन बाजार गए थे। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या से पहले युवती ने वीडियो में कहा कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। लाइव वीडियो वायरल होते ही सुबाथू बाजार के लोगों ने परिजनों को सूचना दी, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मछुआरों पर समुद्री डाकुओं का हमला, चार घायल



**नागपट्टिनम।** नागपट्टिनम के सेरुथुर गांव के आठ मछुआरों पर बुधवार रात समुद्र में मछली पकड़ते समय श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने हमला कर दिया। मत्स्य विभाग के अनुसार, डाकुओं ने मछुआरों के जाल, उपकरण और मछलियां लूट लीं। हमले में एक मछुआरे सेंथिलनाथन (42) के सिर पर गंभीर चोट आई, तीन अन्य भी घायल हुए। सभी मछुआरे तटीय क्षेत्र में लौट आए और घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मछुआरा संघ ने केंद्र और राज्य सरकार से हमलों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

---

डिजिटल फ्रॉड, मनी लॉन्ड्रिंग में बैंकों की लापरवाही उजागर

# साइबर अपराधियों ने खोले 8.5 लाख फर्जी बैंक खाते

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने खुलासा किया है कि साइबर अपराधी 700 से अधिक बैंक शाखाओं में करीब 8.5 लाख फर्जी या निष्क्रिय खातों का इस्तेमाल अवैध धन को ठिकाने लगाने के लिए कर रहे थे। ये खाते डिजिटल चोरी, फर्जी निवेश और यूपीआई आधारित धोखाधड़ी से प्राप्त धन को ट्रांसफर करने और फिर निकालने में इस्तेमाल किए जा रहे थे। CBI ने हाल ही में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की और नौ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनमें बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन पर फर्जी खातों को खोलने में मदद करने का आरोप है।

## ■ 700 से अधिक शाखाएं रडार पर: सीबीआई




### CBI की जांच में क्या मिला?

- कई खाते फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर खोले गए।
- खाते में पैसे आने के तुरंत बाद निकासी करके बंद कर दिए जाते हैं ताकि ट्रेस न हो सकें।
- कुछ बैंक अधिकारी, ई-मित्र एजेंट और बिचौलिये इस नेटवर्क में शामिल पाए गए हैं।
- जांच में बैंकिंग प्रणाली की कई कमजोरियां सामने आई हैं।
- बिना समुचित KYC प्रक्रिया, जोखिम मूल्यांकन या पते की पुष्टि के लाखों खाते खोले गए।
- कई बैंक शाखाओं ने संदिग्ध लेनदेन पर सतर्कता नहीं दिखाई, जिससे अपराधियों को खुली छूट मिलती रही।

### क्या हैं फर्जी खाते?

- जिन खातों को फर्जी दस्तावेजों से खोला गया हो।
- खाताधारकों को कई बार पता भी नहीं होता कि उनके नाम पर खाता खुला है।
- इन खातों का इस्तेमाल धोखाधड़ी से प्राप्त धन को सफेद करने के लिए होता है।

### सीबीआई की अब तक की कार्रवाई

CBI ने अब इस मामले में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई ने बैंक खाता खोलने के दस्तावेज, संदिग्ध मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस, लेनदेन विवरण और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए है।

### क्यों है यह मामला गंभीर?

इस नेटवर्क के जरिए लाखों लोगों को ठगा गया। सरकार के राजस्व का नुकसान हुआ, डिजिटल भुगतान प्रणाली की साख को चुनौती मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की फर्जी खातों की जांच और बैंकों की जवाबदेही तय करना जरूरी है ताकि साइबर अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। सीबीआई का कहना है कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है। देशभर में फैले इस नेटवर्क के अन्य हिस्सों की जांच जारी है तथा और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

---

अब तक 85,000 तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण की पुष्टि की

# पहलगाम हमले के बाद अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में कमी

**एजेंसी** | श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम में अप्रैल में हुए आतंकी हमले के बाद इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में 10.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। राजभवन में पत्रकारों से बात करते हुए सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल की घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था। लेकिन हमले के बाद इसमें कमी आई। उन्होंने बताया कि बैसरन (पहलगाम) में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तीर्थयात्रियों में असमंजस की स्थिति थी, लेकिन प्रशासन और सुरक्षा बलों के प्रयासों से अब स्थिति सुधर रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि अब तक 85,000 तीर्थयात्रियों ने अपने पंजीकरण की पुनः पुष्टि कर दी है, और आगामी दिनों में पंजीकरण में तेजी आने की उम्मीद है।

### 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी यात्रा

तीर्थयात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। सिन्हा ने कहा कि सभी आधार शिविरों और मार्गों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त पुलिस बल और केंद्रीय अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं, साथ ही मॉक ड्रिल और निगरानी अभियान भी चल रहे हैं। हेली सेवाओं के निलंबन पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह निर्णय हाल ही में अन्य राज्यों में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं और सुरक्षा कारणों को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि केवल 8% तीर्थयात्री ही हेलीकॉप्टर सेवा का उपयोग करते हैं।

---

वैकल्पिक ईंधन अपनाने से प्रदूषण घटेगा

# भारत ऊर्जा का निर्यातक बनेगा: गडकरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत आने वाले छह से सात वर्षों में ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के क्षेत्र में हो रहे विकास से देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि आज भारत ऊर्जा का आयात करता है, लेकिन हम तेजी से उस दिशा में बढ़ रहे हैं जहां हम ऊर्जा का निर्यात करेंगे। छह से सात वर्षों में हम ऊर्जा के शुद्ध निर्यातक बन जाएंगे। उन्होंने हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताया और कहा कि सरकार एथनॉल, बायोडीजल, इलेक्ट्रिक वाहन और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वदेशी विकल्पों को प्रोत्साहन दे रही है। गडकरी ने यह भी कहा कि वैकल्पिक ईंधन अपनाने से न केवल प्रदूषण घटेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आएगी।

### देश में लॉजिस्टिक लागत में कमी आई



मंत्री ने बताया कि देश में लॉजिस्टिक लागत 16 प्रतिशत से घटकर अब 10 प्रतिशत के करीब आ गई है और यह वर्ष के अंत तक 9 प्रतिशत पर आ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप में लॉजिस्टिक लागत 12 प्रतिशत तथा चीन में 8 प्रतिशत है, ऐसे में भारत भी प्रतिस्पर्धी बनने की दिशा में अग्रसर है। गडकरी ने उद्योगों से अपील की कि वे वैकल्पिक ईंधन को अपनाएं ताकि देश की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और निर्यात क्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा, हमें निर्यात बढ़ाने और कच्चे माल की लागत घटाने की आवश्यकता है। यही भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाएगा।

---

आयात और उपभोक्ता खर्च में कमी प्रमुख वजह

# अमेरिकी की अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही में रही 0.5% की गिरावट

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2025 की पहली तिमाही में झटका लगा है। वाणिज्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह अनुमान से भी अधिक है, क्योंकि पहले 0.2 प्रतिशत गिरावट का अनुमान जताया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, व्यापारिक गतिविधियों में आई यह गिरावट मुख्य रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में शुरू हुए व्यापार



युद्ध और उसकी वजह से बढ़े आयात शुल्क के प्रभावों के कारण आई है। कंपनियों ने भारी मात्रा में विदेशी सामान पहले से आयात कर लिया था, जिससे पहली तिमाही में आयात में 37.9% की उछाल आई, जो 2020 के बाद सबसे बड़ी वृद्धि है। इस कारण जीडीपी में लगभग 4.7 प्रतिशत अंकों की गिरावट दर्ज की गई। उपभोक्ता खर्च में भी गिरावट देखी गई, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होता है। साथ ही, संघीय सरकारी खर्च में 4.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो 1986 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट अस्थायी हो सकती है। डेटा फर्म फैक्टसेट के अनुसार, अप्रैल-जून की तिमाही में अर्थव्यवस्था के फिर से 3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

---

ईरानी सर्वोच्च नेता खामेनेई बोले...

# अमेरिका के मुंह पर मारा तमाचा, जीत का दावा

**एजेंसी** | दुबई

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान युद्धविराम के बाद अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया है कि ईरान ने इस संघर्ष में जीत हासिल की है।

ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में खामेनेई ने कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ है और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने अमेरिकी हस्तक्षेप की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका ने युद्ध में इसलिए हस्तक्षेप किया क्योंकि उसे आशंका थी कि यदि उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ।

### आक्रमण किया तो भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता ने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुए ईरानी मिसाइल हमले का हवाला देते हुए कहा कि ईरान की क्षेत्रीय अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब आवश्यक समझा जाएगा, तब कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गौरतलब कि 13 जून को इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों और सैन्य वैज्ञानिकों को निशाना बनाए जाने के बाद युद्ध शुरू हुआ था। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की और अमेरिका ने 22 जून को ईरानी परमाणु स्थलों पर बंकर-बस्टर बमों से हमला किया। इस टकराव के बीच 25 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार से प्रभावी हुआ। युद्ध के दौरान खामेनेई एक गुप्त स्थान पर रहे और अब पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं।

सीआईए का दावा...

### ईरान की न्यूक्लियर साइट्स तबाह

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने दावा किया है कि हालिया हमलों में ईरान की कई अहम परमाणु सुविधाएं गंभीर रूप से तबाह हो गई हैं। सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि ईरान की न्यूक्लियर साइट्स को भारी नुकसान हुआ है। डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा कि ईरान की हथियार बनाने की क्षमता खत्म हो गई है। रक्षा खुफिया एजेंसी (DIA) के अनुसार, इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को महीनों पीछे धकेल दिया गया है।

---

नीट में धांधली पर...

# कांग्रेस का हमला: एनटीए अधिकारियों की हो जांच

**एजेंसी** | नई दिल्ली




नीट-यूजी 2025 में अंकों की हेराफेरी मामले में दो आरोपियों को जमानत मिलने के बाद कांग्रेस ने एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) पर तीखा हमला बोला है। पार्टी नेता कन्हैया कुमार ने बुधवार को कहा कि एनटीए अब 'नेशनल करप्शन एजेंसी' बन गई है और उसके अधिकारियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए। कन्हैया ने सवाल उठाया कि जब सीबीआई कह रही है कि एनटीए अधिकारी शामिल नहीं हैं, तो फिर भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत कार्रवाई क्यों की गई? एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने आरोप लगाया कि एनटीए द्वारा कराई जाने वाली हर परीक्षा में गड़बड़ी सामने आती है और डेटा लीक हो जाता है। कांग्रेस ने इस मामले में गहराई से जांच और एनटीए अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का कहना है कि नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता बेहद जरूरी है क्योंकि इससे देश के भविष्य के डॉक्टर चुने जाते हैं।

**केरल और मध्य प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट... सूरत में गर्भवती महिला का रेस्क्यू, अहमदाबाद में युवक की मौत**

# अचानक आई बाढ़ से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में मची तबाही

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में सक्रिय मानसून ने गुरुवार को भारी तबाही मचाई। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से आई बाढ़ में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि केरल और मध्य प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने से आई बाढ़ और भारी बारिश ने कहर ढा दिया। इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल पर अचानक पानी का बहाव तेज होने से चार




लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जम्मू-कश्मीर निवासी चैन सिंह, चंबा निवासी आदित्य ठाकुर और उत्तर प्रदेश निवासी प्रदीप वर्मा व चंदन के रूप में हुई है। 250 से अधिक श्रमिकों को खनियारा स्थित आंबेडकर भवन में सुरक्षित पहुंचाया गया।

## गुजरात में भारी बारिश का कहर




गुजरात में भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अहमदाबाद में बारिश के पानी के तेज बहाव में एक बाइक सवार युवक ड्रेनेज लाइन में फंस गया, जिसका शव 9 घंटे बाद बरामद हुआ। सूरत के गीतानगर इलाके में जलभराव के कारण 3 से 4 फीट पानी भर गया। इसी बीच तबीयत बिगड़ने पर एक गर्भवती महिला को फायर ब्रिगेड टीम ने रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। वडोदरा में गुरुवार को बारिश के बाद अहमदाबाद-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम्बुवा ब्रिज रोड पर गड्ढों के कारण 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

## राजौरी और डोडा में 3 की मौत

राजौरी जिले के सियालसुई गांव में नदी में बहने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची को बचा लिया गया। डोडा जिले में बशारत हुसैन (32) का शव लोपा नदी से बरामद किया गया। प्रशासन ने नालों और नदियों के पास जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।




## अरुणाचल प्रदेश: भूस्खलन में 1 की मौत

बिचोम जिले के सचुंग गांव में भारी बारिश से हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत, एक लापता और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। राज्य में मानसून आपदाओं से अब तक 14 लोगों की जान जा चुकी है।

## केरल: तीन जिलों में रेड अलर्ट

केरल में मानसूनी बारिश ने फिर जोर पकड़ा। एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर जिलों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। आईएमडी ने इडुक्की, मलप्पुरम और वायनाड जिलों में रेड अलर्ट, और 7 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## मध्य प्रदेश: भारी बारिश का अनुमान

आईएमडी ने अगले 24 घंटे में राज्य के 5 जिलों में बहुत भारी बारिश और 16 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। राज्य के सभी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश दर्ज की गई है।

## NIA की खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क की जांच के तहत गुरुवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी में एनआईए ने मोबाइल, डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। ये कार्रवाई बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े आतंकियों कुलबीर सिद्धू और अमेरिका में रह रहे मनीष उर्फ काका राणा के नेटवर्क पर केंद्रित थी। एनआईए ने हाल में पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच के तहत यह कार्रवाई की है।

**शी जिनपिंग नहीं जाएंगे ब्राजील BRICS समिट में**

# पीएम मोदी को स्टेट डिनर के न्योते से जिनपिंग हुए नाराज

**एजेंसी** | नई दिल्ली/बीजिंग

अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाली 17वीं BRICS समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हिस्सा नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (SCMP) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि जिनपिंग की अनुपस्थिति के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिए गए स्टेट डिनर के विशेष निमंत्रण से उनकी नाराजगी है। समिट का आयोजन 6-7 जुलाई को होना है। सूत्रों के अनुसार, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा द्वारा पीएम मोदी को विशेष डिनर के लिए आमंत्रित किया गया है, जिससे जिनपिंग को यह आशंका






है कि भारत को अधिक तवज्जो दी जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वजह से जिनपिंग ने समिट में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा न लेने का निर्णय लिया है। हालांकि आधिकारिक रूप से चीन ने जिनपिंग के व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए BRICS मेजबान ब्राजील को उनकी अनुपस्थिति की सूचना दी है। मगर इस फैसले ने चीन-ब्राजील संबंधों में तनाव की अटकलों को भी जन्म दिया है।

### BRICS: एक नजर में

- स्थापना: 2009 (ब्राजील, रूस, भारत, चीन)
- दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता: 2010
- उद्देश्य: आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सहयोग को बढ़ाना
- नए सदस्य: मिस्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया, यूएई (पूर्ण सदस्य), बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान (पार्टनर देश)

BRICS
Brasil 2025

### जिनपिंग की अनुपस्थिति वाला पहला समिट



यह पहली बार है कि शी जिनपिंग, जो 2013 से लगातार BRICS समिट में भाग लेते आए हैं, इस मंच से पूरी तरह से गैरहाजिर रहेंगे। यहां तक कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी उन्होंने दो समिट में वर्चुअली हिस्सा लिया था। उनकी जगह अब चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग BRICS समिट में देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। ली ने 2023 में भारत में आयोजित G20 समिट में भी जिनपिंग की जगह भाग लिया था। हालांकि चीन की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सही समय आने पर जानकारी साझा की जाएगी।


### ब्राजील का रुख




ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करता। हालांकि समिट के इतने करीब जिनपिंग की अनुपस्थिति से ब्राजील की राजनयिक असहजता की चर्चाएं हो रही हैं। सूत्रों ने यह भी बताया है कि शी जिनपिंग, पिछले एक साल में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात कर चुके हैं, जिनमें नवंबर 2024 में G20 समिट और मई 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम शामिल हैं। इसी आधार पर जिनपिंग ने समिट में न जाने का फैसला किया।

**भारत के साथ साझेदारी पर हुई चर्चा**

## वॉलमार्ट चेयरमैन ने की PM मोदी से भेंट



*कैथ मैकले (अध्यक्ष और सीईओ, वॉलमार्ट इंटरनेशनल), डग मैकमिलन (अध्यक्ष और सीईओ, वॉलमार्ट इंक), स्टुअर्ट वाल्टन (बोर्ड सदस्य) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।*

**बेधड़क** | नई दिल्ली

वॉलमार्ट इंक के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डग मैकमिलन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के साथ कंपनी की बढ़ती साझेदारी को लेकर चर्चा की।

वॉलमार्ट के प्रतिनिधिमंडल में बोर्ड सदस्य स्टुअर्ट वाल्टन और वॉलमार्ट इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सीईओ कैथ मैकले भी शामिल थे। मैकमिलन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री को 'मूल्यवान बैठक' के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत वॉलमार्ट की रणनीति का केंद्र है और कंपनी भारत से हर साल 10 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, फ्लिपकार्ट और फोनपे के माध्यम से नवाचार और निवेश जारी रखने की बात भी कही। डग मैकमिलन ने प्रधानमंत्री मोदी से पिछले वर्षों में चार बार मुलाकात की है। सीईओ बनने के बाद यह उनकी कई भारत यात्राओं में से एक है। यह वॉलमार्ट प्रतिनिधिमंडल की 18 महीनों में दूसरी भारत यात्रा है, जो इस साझेदारी की गंभीरता को दर्शाता है। मुलाकात के दौरान फ्लिपकार्ट, फोनपे, वॉलमार्ट ग्लोबल टेक और वॉलमार्ट सोर्सिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की गई। वॉलमार्ट का उद्देश्य भारत को वैश्विक सप्लाई चेन में और मजबूत करना है। गौरतलब है कि स्टुअर्ट वाल्टन वॉलमार्ट के संस्थापक सैम वाल्टन के पोते हैं और यह पहली बार है जब वॉलमार्ट परिवार के किसी सदस्य ने भारतीय प्रधानमंत्री से औपचारिक मुलाकात की है।

## इंग्लैंड क्रिकेट टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी




**बर्मिंघम।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दो जुलाई से एजबस्टन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। आर्चर फरवरी 2021 के बाद पहली बार टेस्ट टीम का हिस्सा बने हैं। वह कोहनी की पुरानी चोट के कारण लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट से दूर थे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की कि आर्चर अपने 13वें टेस्ट में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीतकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

**नौ जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश**

## व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन पहुंचा

**एजेंसी** | वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारत का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में दो दिवसीय वार्ता के लिए वाशिंगटन पहुंच गया है।

वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब दोनों देशों के बीच शुल्क रियायतों को लेकर बातचीत निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है। अमेरिका द्वारा नौ जुलाई तक भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को




अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है, लेकिन इसके बाद यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो यह शुल्क फिर से प्रभाव में आ सकता है। भारत अमेरिका से इन शुल्कों में पूरी छूट की मांग कर रहा है, जबकि अमेरिका वाहन, वाइन, डेयरी, पेट्रोरसायन, और आनुवंशिक फसलों पर रियायत चाहता है। वहीं, भारत की प्राथमिकता कपड़ा, आभूषण, प्लास्टिक, चमड़ा, तिलहन, अंगूर और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर अमेरिकी शुल्क में कटौती की है।

कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत की ओर से अब तक कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं हुआ है, जिससे वार्ता जटिल बनी हुई है। यदि 9 जुलाई तक समझौता नहीं हुआ तो अमेरिकी शुल्क दोबारा लागू हो सकते हैं, जिससे दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों पर असर पड़ सकता है।

**अहमदाबाद विमान हादसा**

## ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केन्द्र सरकार ने बताया है कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (CVR) तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (FDR) का विश्लेषण जारी है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (AAIB) ने 13 जून को एक बहु-विषयक टीम गठित की, जिसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एटीसी अधिकारी और अमेरिका की राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (NTSB) के प्रतिनिधि शामिल हैं। बोइंग 787-8 विमान 12 जून



को अहमदाबाद से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। केवल एक यात्री जीवित बचा।

मंत्रालय के अनुसार, 24 जून को AAIB और NTSB की टीम ने ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से निकालकर 25 जून को उसका डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया। यह प्रक्रिया दिल्ली स्थित AAIB की नई प्रयोगशाला में पूरी की गई।

विपक्ष द्वारा जांच में देरी और मुख्य जांचकर्ता की नियुक्ति को लेकर उठाए गए सवालों के बीच सरकार ने स्पष्ट किया कि सभी कार्रवाई कानून और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों के तहत समयबद्ध तरीके से की जा रही है। इस हादसे की जांच गृह सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति भी कर रही है, जो भविष्य के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों की सिफारिश करेगी।

**गाजियाबाद में 1000 करोड़ के डेटा सेंटर की रखी आधारशिला**

# ब्रह्मोस, आकाश का पाक पर हुआ सफल परीक्षण: योगी

**एजेंसी** | गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद ये मिसाइलें अब दुनिया के लिए विश्वसनीय बन गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन परीक्षणों ने भारत की सैन्य ताकत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया है। मुख्यमंत्री योगी गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) परिसर में सीईएल और ईएसडीएस द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किए जाने वाले 1,000 करोड़ रुपए के हरित डेटा सेंटर की आधारशिला रख रहे थे। इस डेटा सेंटर की कुल क्षमता 30 मेगावाट होगी और यह 40 जीबीपीएस की अत्याधुनिक कनेक्टिविटी से लैस होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, "सीईएल भारत की रक्षा ताकत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह ब्रह्मोस मिसाइल के लिए रेडोम, रडार प्रणाली, स्पीड कंट्रोल सिस्टम जैसे अत्याधुनिक कलपुर्जों की आपूर्ति करती है। इनका निर्माण लखनऊ स्थित रक्षा औद्योगिक गलियारे में किया जा रहा है।" उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आकाश और ब्रह्मोस मिसाइलों का सफल परीक्षण हुआ।




*गाजियाबाद में गुरुवार को हरित डेटा सेंटर का शिलान्यास करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।*

### 'विकसित भारत' के सपने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि एक समय सीईएल के अस्तित्व पर संकट था, लेकिन अब यह 'मिनी रत्न' का दर्जा प्राप्त कर देश के तकनीकी विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को पिछले आठ वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से 25,000 करोड़ रुपए केवल रक्षा उत्पादन इकाइयों से संबंधित हैं। 2022 में प्रदेश का पहला डेटा सेंटर शुरू हुआ था और आज राज्य में छह बड़े डेटा सेंटर कार्यरत हैं। ईएसडीएस के इस नए डेटा सेंटर में 1,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### कंपनी जल्द करेगी आईपीओ लांच

कार्यक्रम के दौरान ईएसडीएस की ओर से बताया गया कि कंपनी जल्द ही अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) लॉन्च करेगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्य के आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सीईएल की सराहना करते हुए कहा कि भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में इस तरह की पहलों की जरूरत है, जो न केवल रक्षा, बल्कि डिजिटल क्षेत्र को भी सशक्त बनाएंगी।

**मध्य अफ्रीकी गणराज्य**

## स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 छात्रों की मौत

**एजेंसी** | बांगुई

मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी बांगुई के एक उच्च विद्यालय में बुधवार को हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली छात्रों की मौत हो गई। राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय में विद्युत ट्रांसफार्मर की मरम्मत के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस भयावह हादसे में 260 से अधिक छात्र घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मरने वालों में 16 छात्राएं भी शामिल हैं। हादसे के समय विद्यालय परिसर में लगभग



5,000 छात्र परीक्षा में भाग लेने के लिए उपस्थित थे। सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रशासन ने पीड़ितों को मदद का आश्वासन दिया है।

## हैप्पी बर्थ-डे युवराज... तुम जीयो हजारों साल


डॉ. जगदीश चंद्र, न्यायाधीश सज्जन सिंह कोठारी, लिटिल युवराज, एस. के. सिंह और डॉ. सुनीता सिंह।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ अशोक राठौड़, अनिता राठौड़ और भुवनेश्वरी राठौड़।


आदेय दवे, युवराज, डॉ. सुनीता, राहुल दवे, अक्षिका दवे और पूजा दवे।


इमरान बेग, काजिम रजा खान, अशोक राठौड़, भुवनेश्वरी राठौड़, एस. के. सिंह, डैनी सैम्युअल और रजनीश सक्सेना।

**बेधड़क.जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एस.के. सिंह के पोते और महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनीता सिंह के पुत्र युवराज का चौथा जन्मदिन गुरुवार को होटल रामबाग पैलेस में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश चंद्र ने शिरकत कर युवराज को आशीर्वाद और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सिंह परिवार के करीबी सदस्य और विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इनमें रामबाग पैलेस होटल के महाप्रबंधक अशोक राठौड़, राजस्थान के पूर्व लोकायुक्त न्यायमूर्ति सज्जन सिंह कोठारी, बेग कंस्ट्रक्शन के अध्यक्ष इम्तियाज बेग, आईएल एंड एफएस इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सीईओ व आरआईडीसीओआर के निदेशक काजिम रजा खान, आईटीएनएल और रोड स्टार इनवेस्टमेंट के सीईओ डैनी सैम्युअल तथा एलएसएएमईएक्स के मुख्य परिचालन अधिकारी रजनीश सक्सेना शामिल रहे। अनिता राठौड़, भुवनेश्वरी राठौड़, राहुल दवे, अक्षिका दवे और पूजा दवे ने भी समारोह में शिरकत कर युवराज को शुभकामनाएं दीं।

### MEET & GREET


*जयपुर। फर्स्ट इंडिया न्यूज के डायरेक्टर महिपाल सिंह ने आईएएस शक्ति सिंह राठौड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने राठौड़ को अजमेर संभागीय आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।*

### पांडुलिपि संरक्षण की ऐतिहासिक पहल



**बेधड़क. जयपुर।** ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, नई दिल्ली, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर और विश्वगुरु दीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय पांडुलिपि लिप्यंतरण प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह गुरुवार को हुआ। समारोह में विशेषज्ञों ने कार्यशाला की उपयोगिता और अनुभव साझा किए। यह प्रशिक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और पांडुलिपि संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रहा, जिसमें विभिन्न विषयों पर केंद्रित सत्रों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के 'ज्ञानभारतम' प्रकोष्ठ की ओर से विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में कपिल अग्रवाल, प्रो. वैद्य बनवारीलाल गौड़, डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा और डॉ. अंजना शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. रजनीश हर्ष, प्रो. अनीता जैन, नरेन्द्र दोतोलिया, अवधेश वशिष्ठ और पंकज जैमिनी सहित अनेक विद्वान, शोधार्थी और संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे।

### शिविर में सीख रहे शतरंज के गुर




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान व वाणी चेस क्लब जयपुर के सहयोग से 10 दिवसीय नि:शुल्क शतरंज (चेस) प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर जिला अध्यक्ष संजय जैन पाण्डया व महामंत्री सुभाष बज ने बताया कि महासभा के जयपुर कार्यालय में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन उपस्थित रहे। अतिथियों के रूप में चेस पेरेंट्स एसोसिएशन से मंत्री ललित भरड़िया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अरोड़ा तथा वाणी चेस क्लब से वाणी जैन सहित कोच एडवोकेट पीयूष शर्मा और दीपक राव उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत व सम्मान संजय पाण्डया, राजेश बड़जात्या, सुभाष बज, नरेश कासलीवाल व जिनेश जैन ने किया। संयोजक जिनेश जैन ने बताया कि 5 जुलाई तक चलने वाले इस कैंप में प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक कक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कोच एडवोकेट पीयूष शर्मा व दीपक राव शतरंज के गुर सिखाएंगे।

### रवींद्र मंच पर नट सम्राट का मंचन 29 को



**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच पर रविवार को नट सम्राट नाटक का मंचन किया जाएगा। मिनी थिएटर पर होने प्ले में शाम 7 बजे से एंट्री दी जाएगी। राम सहाय के डायरेक्शन में होने वाले नाटक में जयपुर के आर्टिस्ट परफॉर्म करते हुए कहानी के जरिए संदेश देंगे। नाटक की रिहर्सल की जा रही है और फाइनल में जयपुर सहित अन्य स्थानों के कला प्रेमी शामिल होंगे।

### फ्लोरोस बाय रवि सरड़ीवाल और ओरेब बाय मानवेन के बीच हुआ कोलेब्रेशन

# सांस्कृतिक ही नहीं, फैशन की दृष्टि से भी नई पहचान बना रही गुलाबी नगरी

**बेधड़क | जयपुर**

हॉलिडे इन जयपुर सिटी सेंटर स्थित चाओ चाइनीज बिस्टरो बुधवार शाम फैशन प्रेमियों का प्रमुख आकर्षण बन गया, जहां शहर की प्रतिष्ठित डिजाइनर ज्वैलरी ब्रांड फ्लोरोस बाय रवि सरड़ीवाल और एलीगेंट डिजाइनर वियर लेबल ओरेब बाय मानवेन के बीच एक विशेष सहयोग की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जगदीश चंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने फैशन और संस्कृति के इस सुंदर मिलन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच न केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं बल्कि स्थानीय ब्रांड्स को वैश्विक पहचान दिलाने में भी सहायक होते हैं। जयपुर की सांस्कृतिक और फैशन विरासत को ऐसे आयोजनों से नई उड़ान मिलती है।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ (बाएं से दाएं) ऋषि मिगलानी, मानवेन और रवि सरड़ीवाल।


आईपीएस अंशुमान भोमिया।

### मॉडल्स ने शोकेस किए डिजाइनर परिधान

इस विशेष आयोजन का संयोजन फैशन कनेक्ट के ब्रांड एंबेसडर और यूथ आइकन ऋषि मिगलानी ने किया। उन्होंने जयपुर की उभरती फैशन ऊर्जा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शहर अब केवल सांस्कृतिक ही नहीं, फैशन की दृष्टि से भी एक नई पहचान बना रहा है। इस मौके पर हॉलिडे इन के सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर अक्षय डांगेयाच ने कहा कि जयपुर की एलीट उपस्थिति के बीच इस तरह के आयोजन का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। शो में फ्लोरोस की ज्वेलरी और ओरैब के डिजाइनर परिधान पहने मॉडलों ने जब रैम्प पर कदम रखा तो माहौल पूरी तरह फैशन फिएस्टा में बदल गया। आकर्षक इंस्टॉलेशंस, मैनिकिन्स और सुरुचिपूर्ण सजावट ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। आयोजन में शहर की चर्चित हस्तियों ने भाग लिया और पैन एशियन व्यंजनों के साथ लाइव म्यूजिक का आनंद लेते हुए शाम को यादगार बना दिया।


टीना, मीरा, जगदीप, निशा, टीना, दुर्वा, ऋषि और अंजना।


डिजाइनर्स रवि और मानवेन के साथ मॉडल्स। **फोटो: सुनील शर्मा**

### युवाओं ने सीखे जीवन रक्षा के गुर



**बेधड़क | जयपुर**

सहायता संस्था की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सीएसआर गतिविधियों के तहत एक दिवसीय जीवन रक्षा प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सांभरिया ग्राम पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की चेयरपर्सन पद्मश्री डॉ. माया टंडन ने किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क दुर्घटना या अन्य आपात स्थितियों में पीड़ित को तत्काल सहायता देने के लिए युवाओं को जीवन रक्षक तकनीकों से प्रशिक्षित करना था। संस्था के सीईओ मनीष संचेती ने घायल व्यक्ति की देखभाल के प्राथमिक बिंदुओं पर जानकारी साझा की। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर उदयवीर सिंह ने प्रतिभागियों को सीपीआर और सीओएलएस जैसी जीवन रक्षक विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सांभरिया सरपंच निर्मला शर्मा, बराला सरपंच तेज कंवर, ग्राम विकास अधिकारी नरेश मीणा सहित सांभरिया, बराला, मुंडली व खिजुरिया ब्राह्मण पंचायत के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### ट्राइफेक्टा जीतकर रच दिया इतिहास




**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के स्टूडेंट्स ने टीवायई (टीआईई यंग एंटरप्रेन्योर्स) ग्लोबल फाइनल्स-2025 में वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 पुरस्कार अपने नाम किए। टीम ओओएमआई ने एक दुर्लभ 'ट्राइफेक्टा' हासिल किया, जिसमें द्वितीय उपविजेता का स्थान मेकर फेयर अवार्ड और बेस्ट कस्टमर वैलिडेशन अवार्ड शामिल थे। यह उपलब्धि हासिल करने वाली टीम जयपुर के जयश्री पेरीवाल ग्लोबल स्कूल से है, जो फाइनल्स में जीतने वाली एकमात्र भारतीय टीम बनी। गौरतलब है कि प्रतियोगिता एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित हुई। जहां टीम ओओएमआई में 6 स्टूडेंट्स यशोम मोदी, रिनिषा जैन, क्षमाक्षी जैन, श्लेषा पांडे, आयुष्य सिंह राजपूत और वंशय अजमानी शामिल थे। जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन जयश्री पेरीवाल ने कहा कि उपलब्धि हमारे छात्रों की सीमाओं से परे सोचने और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की क्षमता को दर्शाती है। यह न केवल स्कूल के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है।



## आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सीएम ने प्रदान की उपाधि

# सीखना और सपने देखना कभी बंद नहीं करें युवा: मुख्यमंत्री भजनलाल

**बेधड़क** | जोधपुर/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को आईआईटी जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में भाग लेते हुए विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के भरपूर अवसर दे रही है और विकसित राजस्थान के संकल्प में युवाओं की भूमिका अहम है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे कभी सीखना बंद न करें और कभी सपने देखना न छोड़ें। हर निर्णय में 'भारत प्रथम' की भावना को आत्मसात करें। मुख्यमंत्री ने आईआईटी जोधपुर को 'मरुधरा की धरती पर चमकता हुआ मोती' बताते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल प्रदेश बल्कि पूरे भारत में तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने प्राचीन भारतीय विज्ञान परंपरा की चर्चा करते हुए कहा कि शून्य की खोज, दशमलव प्रणाली और त्रिकोणमितीय गणनाओं का विकास भारत की देन है। भास्कराचार्य, आर्यभट्ट और वराहमिहिर जैसे विद्वानों ने विज्ञान और तकनीक को नई दिशा दी।



### 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 2030 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें से 3.25 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। सीएम ने कहा कि राज्य में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, टेक्सटाइल, वेस्ट टू एनर्जी, पर्यटन और साइबर सिक्योरिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्टेट स्किल पॉलिसी के तहत अगले दो वर्षों में डेढ़ लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 'लीप प्रोग्राम', स्टार्टअप लॉन्चपैड, टेकबी जैसे कार्यक्रमों से तकनीकी और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विभिन्न श्रेणियों में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रो. आशुतोष शर्मा, विपिन सोंधी और डॉ. वीके सारस्वत को मानद उपाधि से नवाजा गया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, विधायक बाबूसिंह राठौड़ व भैराराम सियोल, आईआईटी जोधपुर के उप निदेशक प्रो. भवानी कुमार शतपथी सहित सहित आईआईटी जोधपुर के अधिकारी, प्रोफेसर, विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## 'अन्त्योदय संबल पखवाड़ा' से गांव गरीब को मिल रहा सीधा लाभ





**जोधपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय दर्शन से प्रेरित होकर राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा' सरकार की संवेदनशीलता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री गुरुवार को जोधपुर के दईजर गांव में आयोजित अन्त्योदय संबल शिविर में लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र जनों को प्रमाण पत्र व लाभ सामग्री प्रदान की। सीएम ने कहा कि यह पखवाड़ा गांव-गरीब के जीवन में बदलाव लाने का माध्यम बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविरों से आमजन के चेहरों पर मुस्कान लौटी है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे इस पखवाड़े को सफल बनाने में भागीदार बनें। सीएम ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का निरीक्षण कर लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, अंतरजातीय विवाह योजना और सुखद दांपत्य जीवन योजना के तहत चेक वितरित किए। इस मौके पर सीएम ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल आदि मौजूद थे।

## बेधड़क FIRST

### राजस्थान को जल्द मिलेगा नया डीजीपी

राजस्थान को जल्द नया पुलिस महानिदेशक मिलने वाला है। यूआर साहू के आरपीएससी चेयरमैन बनने के बाद से खाली पड़ी डीजीपी की कुर्सी के लिए अब जल्द फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की अहम बैठक होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, प्रमुख सचिव गृह भास्कर ए सावंत और कार्यवाहक डीजीपी रवि प्रकाश मेहरड़ा शामिल होंगे। बैठक में गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### रियायती दरों पर किए भूमि आवंटन पर सरकार की सख्त नजर

प्रदेश के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में रियायती दरों पर किए गए भूमि आवंटनों को लेकर अब सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर विकास व आवासन विभाग ने सभी निकायों को ऐसे प्रकरणों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के आदेश के बाद सरकार ने विभिन्न निकायों को निर्देश दिए हैं कि जिन मामलों में आवंटन की शर्तों की पालना नहीं हुई है, उनमें भूमि आवंटन निरस्त किया जाए।

### भाजपा में संगठनात्मक बदलाव की तैयारी, नए चेहरों की एंट्री तय

राजस्थान भाजपा में संगठनात्मक बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ जल्द ही विभागों और प्रकोष्ठों में फेरबदल कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, बदलाव की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और संभावित नामों का चयन भी लगभग हो चुका है। पार्टी इस बार कुछ बड़े चेहरों को हटाकर नए चेहरों को संगठन में मौका दे सकती है। इसके जरिए पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### एमडी चोपदार पर कांग्रेस का भरोसा... सौंपी अल्पसंख्यक विभाग की जिम्मेदारी

कांग्रेस ने राजस्थान में अल्पसंख्यक विभाग की जिम्मेदारी एमडी चोपदार को दी है। इस दौड़ में कई और अल्पसंख्यक चेहरे शामिल थे। लेकिन पार्टी ने चोपदार पर ही भरोसा जताया है, क्योंकि कांग्रेस सरकार में उनके पास मदरसा बोर्ड के चेयरमैन की भी जिम्मेदारी थी। झुंझुनूं उपचुनाव में भी चोपदार ने टिकट की दावेदारी की थी, लेकिन तब कांग्रेस पार्टी ने ओला परिवार को ही टिकट दी थी। अब चोपदार को नई जिम्मेदारी देकर कांग्रेस ने इसकी भरपाई कर दी है।

## विधायकी गंवा चुके कंवरलाल मीणा ने दया याचिका दायर की, राज्यपाल लेंगे फैसला



**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा से सदस्यता रद्द होने के बाद कंवरलाल मीणा ने अपनी तीन साल की सजा माफ करवाने के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के समक्ष दया याचिका दायर की है। 2005 में तत्कालीन एसडीएम पर पिस्टल तानने और राजकार्य में बाधा डालने के मामले में मीणा को सजा सुनाई गई थी। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर 21 मई को उन्होंने अकलेरा कोर्ट में सरेंडर किया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सजा बरकरार रहने के कारण 23 मई को उनकी विधायकी समाप्त कर विधानसभा सचिवालय ने चुनाव आयोग को सूचना भेज दी। बारां जिले की अंता सीट पर उपचुनाव की अभी तक घोषणा नहीं हुई है। कानूनी जानकारों के अनुसार, यदि उपचुनाव से पहले सजा माफ हो जाती है तो उनकी सदस्यता बहाल हो सकती है। इसी उद्देश्य से राज्यपाल को दया याचिका भेजी गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय झालावाड़ से जारी पत्र में यह जानकारी दी गई है। राजभवन ने इस याचिका पर निर्णय से पहले रिपोर्ट तलब की है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की हत्या बताया है।

## अधिकारियों और पूर्व विधायकों ने विधानसभा में किया अभिनंदन

# सात दिवसीय विदेश यात्रा के बाद जयपुर लौटे देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के बाद गुरुवार तड़के जयपुर लौट आए। जर्मनी से नई दिल्ली होते हुए देवनानी सुबह करीब तीन बजे जयपुर पहुंचे, जहां विधानसभा अधिकारियों ने विशिष्ट सहायक केके शर्मा के नेतृत्व में उनकी अगवानी की।

देवनानी ने इस यात्रा को लोकतांत्रिक अध्ययन और भारत की विचारधारा के वैश्विक प्रस्तुतीकरण का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। इस दौरान देवनानी ने फ्रांस और जर्मनी के प्रमुख राजनीतिक, अकादमिक और सांस्कृतिक संस्थानों का दौरा कर संसदीय प्रक्रियाओं और सामाजिक विकास से जुड़े पहलुओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने वरिष्ठ सांसदों, नीति-निर्माताओं और प्रवासी भारतीयों से संवाद कर राजस्थान विधानसभा में हुए नवाचारों की जानकारी साझा की। साथ ही, भारतीय मूल्यों और लोकतंत्र की सहभागिता आधारित परंपरा को भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।



सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के बाद जयपुर लौटने पर वासुदेव देवनानी का स्वागत करते अधिकारी।



वासुदेव देवनानी का स्वागत करते पूर्व एमएलए जीतराम, रामकिशोर मीणा, अतर सिंह भड़ाना और अशोक तंवर।

यह यात्रा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वावधान में 'राजस्थान-2047: वैश्विक नेतृत्व की ओर' दृष्टिकोण के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जिसे युवाओं, नीति-निर्माताओं और सिविल सोसायटी के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

देवनानी के सफल विदेश दौरे के बाद विधानसभा भवन में पूर्व विधायकों का शिष्टमंडल उनसे भेंट करने पहुंचा। शिष्टमंडल में मालपुरा के पूर्व विधायक जीतराम, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना और अशोक तंवर शामिल रहे, जिन्होंने देवनानी को यात्रा की सफलता पर बधाई दी।

## केंद्रीय मंत्री ने गहलोत पर कसा तंज

# सच को शोर की जरूरत नहीं होती: शेखावत



**बेधड़क** | जोधपुर

शहर में एक स्कूल कक्ष के उद्घाटन को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आड़े हाथों लिया। शेखावत ने शायराना अंदाज में तंज कसते हुए कहा कि 'बोलने से पहले थोड़ा तो सोचा करो जनाब, मुझे खामोश रहकर भी जवाब देना आता है।'

उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री का इस तरह बेवजह के मुद्दे गढ़ना उनकी गरिमा के अनुकूल नहीं है। शेखावत ने कहा, 'गहलोत जी स्कूल के एक कमरे के उद्घाटन को लेकर इतने नाराज हैं, जैसे कुछ बड़ा छिन गया हो। ये अपने आप से अपनी ही गरिमा खोने जैसा है।'

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का हवाला देते हुए शेखावत ने कहा, गहलोत सरकार के वक्त उन्हें कई सरकारी कार्यक्रमों से दूर रखा गया। प्रोटोकॉल में नाम होने के बावजूद अधिकारी उनका नाम लेने से कतराते थे। बावजूद इसके कभी शोर नहीं मचाया। शेखावत ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सच को शोर की जरूरत नहीं होती।

## देहरादून में प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक

# मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में भागीदारी जरूरी: यादव

**बेधड़क** | देहरादून

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21 वीं संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हाथी क्षेत्र वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और प्रक्षेत्र विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रोजेक्ट एलीफेंट की प्रगति की समीक्षा की और भारत में हाथी संरक्षण के लिए भावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। बैठक में मानव-हाथी संघर्ष पर ध्यान दिया गया, जो मानव सुरक्षा और हाथी संरक्षण के लिए निरंतर एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। चर्चाओं में मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया गया।



भूपेंद्र यादव ने इस बात पर बल दिया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष का प्रभावी प्रबंधन वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। यादव ने अग्रिम पंक्ति के वन कर्मचारियों और जमीनी स्तर के संरक्षण कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए भारतीय रेलवे, विद्युत मंत्रालय, एनएचएआई और खदान डेवलपर्स के साथ समन्वित प्रयासों का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सलीम अली पक्षी विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास केंद्र (एसएसीओएन), भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) और राज्य वन प्रशिक्षण संस्थानों जैसे संस्थानों को जागरूकता और लोक संपर्क कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यादव ने रेलवे दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मौतों पर डेटा के प्रणालीगत संग्रह और विश्लेषण की आवश्यकता तथा राज्यों, संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया ताकि इन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को को बढ़ावा दिया जा सके।



### सतपाल महाराज की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

*देहरादून। उत्तराखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के अलवर जिले से जुड़ी कई अहम समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। सतपाल महाराज ने अलवर के लिए पानी की आपूर्ति की समस्या, दिल्ली से अहमदाबाद चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस के अलवर में ठहराव और अलवर से शीतल-मुंबई एक्सप्रेस वे के मिलान तक दो टोल टैक्स की बाध्यता को समाप्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई।*



## ईमानदारी से किया गया हर कार्य दिखाता है रास्ता: मेघवाल

**बेधड़क** | बीकानेर

अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को कॅरिअर के प्रति मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से बीकानेर में आयोजित विशेष काउंसलिंग कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने छात्रों को जीवन में संघर्ष, ईमानदारी और शिक्षा के महत्व को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले हुआ, जिसकी पहल भाजपा नेता एवं गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय महासचिव रवि शेखर मेघवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद लंदन जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने दिखाया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की गई हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।